

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।


आयुष्मान खुराना कहते हैं...8




दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

मंगलवार, 20 सितंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 271 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## भाजपा के हुए कैप्टन, अमरिंदर सिंह ने अपनी पार्टी का भी किया विलय

चंडीगढ़। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने भाजपा का दामन थाम लिया। साथ ही उन्होंने अपनी पार्टी पंजाब लोक कांग्रेस का भी भाजपा के साथ विलय कर दिया। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, किरण रिजिजू, भाजपा नेता सुनील जाखड़ और भाजपा के पंजाब मुखिया अश्विनी शर्मा की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान केंद्रीय मंत्रियों ने उन्हें बुके देकर और माला पहनाकर स्वागत किया। पूर्व कांग्रेसी और पंजाब एसेंबली के डिप्टी स्पीकर अजायब सिंह भट्टी ने भी भाजपा ज्वॉइन कर लिया।

भाजपा ज्वॉइन करने के बाद कही यह बातः इस मौके पर पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने पंजाब में पाकिस्तान से खतरे पर भी बात की। उन्होंने कहा कि चीन भी हमारे लिए लगातार खतरा बना हुआ है। उन्होंने कांग्रेस शासन के दौरान रक्षा मंत्री रहे एके एंटनी पर सवाल उठाया। उन्होंने





कहा कि हथियारों की खरीद की दिखा में नहीं उठाया गया कदम। भाजपा देश की रक्षा के लिए काम कर रही है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभारी हूं। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि पड़ोसी राज्यों में होने वाले चुनावों में हम बेहतर भूमिका निभा सकेंगे। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि हमारी सोच है कि देश एकजुट होना चाहिए। पंजाब जैसे संवेदनशील राज्य का बहुत ख्याल रखने की जरूरत है। रिजिजू ने कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए कैप्टन अमरिंदर सिंह ने देश की सुरक्षा के आगे राजनीति को तवज्जो नहीं दी।

तोमर ने कहा–इसलिए हम साथ–साथः इस मौके पर केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर ने कहा कि कैप्टन अमरिंदर का भाजपा में आना, इसके मायने हैं कि पंजाब में शांति और सुरक्षा के पक्षधर हैं। तोमर ने कहा कि उनके आने से भारतीय जनता पार्टी का ताकत बढ़ेगी और पंजाब में विकास के लिए ऐतिहासिक कदम होगा। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जिसमें हमेशा गर्व से कहा जाता रहा है कि सबसे पहले राष्ट्र और दूसरे नंबर पर पार्टी। इस सिद्धांत को कैप्टन अमरिंदर सिंह जी ने हमेशा अपने जीवन में अपनाया। इसी का परिणाम है कि आज हम सब लोग साथ–साथ हैं।

## प्लेन से उतारे गए पंजाब के सीएम भगवंत मान! सुखबीर बादल बोलेः पंजाबियों को किया शर्मिंदा

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान फिर से विवादों में पड़ते नजर आ रहे हैं। इस बार उन्हें प्लेन से उतारे जाने का मामला है। दरअसल, पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री और शिरोमणि अकाली दल



के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने भगवंत मान को लेकर एक ट्वीट किया है। अपने ट्वीट में सुखबीर बादल ने लिखा कि सह–यात्रियों के हवाले से मीडिया में आई खबरों में दावा किया गया है कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को लुफ्थांसा फ्लाइट से उतारा गया क्योंकि वह बहुत नशे में थे और चलने की हालत में भी नहीं थे। इसके साथ ही सुखबीर बादल ने कहा कि ऐसी रिपोर्ट पंजाबियों को शर्मिंदा करती हैं। अकाली नेता ने दावा किया कि इससे उड़ान में 4 घंटे की देरी हुई। वह आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में नहीं पहुंच सके। एक अन्य ट्वीट में सुखबीर बादल ने लिखा कि चौंकाने वाली बात यह है कि पंजाब सरकार अपने मुख्यमंत्री भगवंत मान से जुड़ी इन खबरों पर चुप है। अरविंद केजरीवाल को इस मुद्दे पर सफाई देने की जरूरत है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भारत सरकार को कदम उठाना चाहिए क्योंकि इसमें पंजाबी और राष्ट्रीय गौरव शामिल है। यदि उन्हें विमान से उतारा गया था, तो भारत सरकार को अपने जर्मन समकक्ष के साथ इस मुद्दे को उठाना चाहिए। कांग्रेस नेता और पंजाब में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा ने उन रिपोर्टों की गहन जांच की मांग की कि पंजाब के सीएम भगवंत मान को फ्रैंकफर्ट में उतारा गया था क्योंकि वह कथित तौर पर यात्रा करने की स्थिति में नहीं थे। कांग्रेस नेता ने नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से लुफ्थांसा से पूछताछ करने और कारण सार्वजनिक करने के लिए आग्रह किया है। भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा ने लिखा कि भगवंत मान ने वादा केजरीवाल से इंडिया में शराब को हाथ नहीं लगाने का किया था ना कि विदेश में। वहीं, आम आदमी पार्टी (आप) विपक्ष के इन आरोपों का खंडन कर रही है जिसमें दावा किया गया है कि मान को नशे में होने के कारण फ्रैंकफर्ट हवाई अड्डे पर उतारा गया था। पार्टी ने इसे झूठा और तुच्छ करार दिया है। वहीं, एक चश्मदीद ने कहा है कि पंजाब के मुख्यमंत्री (भगवंत मान) स्पष्ट रूप से नशे में होने के कारण फ्रैंकफर्ट में उतरे थे।

## राज्यपाल विधेयकों को रोक सकते हैं, लेकिन अनिश्चितकाल के लिए नहीं: केरल सरकार

कोच्चि। केरल सरकार ने सोमवार को कहा कि राज्यपाल विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को रोक सकते हैं, लेकिन अनिश्चितकाल के लिए नहीं, और ना ही वह उन्हें खारिज कर सकते हैं। राज्य के विधि मंत्री पी.



राजीव ने पत्रकारों से कहा कि संविधान राज्यपाल को विधेयकों को स्वीकृति देने, उन्हें रोकने या भारत के राष्ट्रपति के पास भेजने की शक्ति प्रदान करता है। उन्होंने कहा, '' राज्यपाल के पास उसे खारिज करने का अधिकार नहीं है।'' विधि मंत्री का यह बयान राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के पिछले सप्ताह दिए उस बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह राज्य विधानसभा द्वारा हाल ही में पारित विश्वविद्यालय कानून संशोधन विधेयक को अनुमति नहीं देंगे क्योंकि यह कथित तौर पर अवैधता को वैध बनाने और मुख्यमंत्री व उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों के कर्मचारियों के ''अयोग्य रिश्तेदारों'' की नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त करता है। केरल में राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच जारी विवाद की शुरुआत विजयन के एक निजी सचिव की पत्नी की कन्नूर विश्वविद्यालय के मलयालम विभाग में नियुक्ति के साथ हुई। खान के अनुसार पद के लिए कथित रूप से अयोग्य होने के बावजूद यह नियुक्ति की गई। खान ने उनके लोकायुक्त संशोधन विधेयक के खिलाफ होने की बात भी कही थी, जिसे हाल ही में विधानसभा में पारित किया गया था। विधि मंत्री ने कहा कि संविधान व कई न्यायिक आदेशों ने स्पष्ट कर दिया है कि राज्यपाल को विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों पर जल्द से जल्द फैसला करना होता है।

## लद्दाख के कारगिल में भूकंप के झटके, रिक्टर पैमाने पर 4.3 रही तीव्रता

नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने बताया कि सोमवार सुबह लद्दाख के कारगिल में रिक्टर पैमाने पर 4.3 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप सुबह करीब 9रू30 बजे आया और जमीन से 10 किमी नीचे स्थित था। भूकंप का केंद्र कारगिल से 151 किमी पश्चिम–उत्तर–पश्चिम में था। एनसीएस ने एक ट्वीट में कहा कि 4.3 तीव्रता का भूकंप कारगिल, लद्दाख के 64 किमी ॅछॅ में सुबह करीब 9रू30 बजे आया। भूकंप की गहराई जमीन से 10 किमी नीचे थी। भूकंप के बाद किसी जान–माल के नुकसान की सूचना नहीं है। गौरतलब है कि इसके एक दिन पहले दक्षिण–पूर्वी ताइवान जोरदार भूकंप के झटके आए थे, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.6 मापी गई थी। जबकि इससे पहले 16 सितंबर को भी लद्दाख में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। 16 सितबंर को सुबह 4 बजकर 19 मिनट पर भूकंप के तेज झटके आए थे। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार 16 सितंबर को आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.8 थी।

## केंद्रीय एजेंसियों के खिलाफ प. बंगाल विधानसभा में प्रस्ताव पारित, धरना और नारेबाजी पर रोक

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की विधानसभा में केंद्रीय एजेंसियों के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया है। यह प्रस्ताव नियम 169 के तहत पारित किया गया। इसके साथ ही विधानसभा के अंदर पोस्टर लेकर ध



ारना देने और नारेबाजी करने पर रोक लगा दी गई है। बता दें कि भाजपा विधायक पिछले कई दिनों से कथित भ्रष्टाचारी नेताओं की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। उन्होंने विधानसभा में भी हंगामा किया था। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने धरने और प्रदर्शन पर रोक लगा दी। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा में पोस्टर बैनर लेकर ना ही कोई धरना दिया जाएगा और ना ही नारेबाजी होगी। उन्होंने कहा कि विपक्षी नेताओं के हंगामे की वजह से सदन की कार्यवाही बाधित होती है। वहीं ममता बनर्जी ने एक बार फिर केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि सरकार को अस्थिर करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है।

## नंदीग्राम में शुभेंदु के आगे दीदी फेल! सहकारी समिति के चुनाव में मात्र एक सीट पर जीत पाई टीएमसी

बंगाल विधानसभा चुनाव में नंदीग्राम सीट से ममता बनर्जी को



शुभेंदुअधिकारी द्वारा पराजित किए जाने के बाद बीजेपी को एक और बड़ी जीत हासिल हुई है। लंबे वक्त से तृणमूल के कब्जे वाली भेकुटिया सहराकी कृषि विकास समिति पर बीजेपी ने कब्जा जमा लिया है। बीजेपी ने ने सहकारी निकाय भेकुटिया समये कृषि समिति की 12 में से 11 सीटों पर जीत हासिल की है। इस चुनाव को लेकर रविवार सुबह से ही तनाव का माहौल बना हुआ था। जिसके बाद स्थिति को संभालने के लिए इलाके में भारी पुलिस बल को लगाया गया। तृणमूल को केवल एक सीट पर ही जीत मिल पाई। रविवार को हुए चुनाव में दोनों पार्टियों ने एक दूसरे पर हिंसा का आरोप लगाया था. भाजपा ने तृणमूल पर मतदान बाधित करने के लिए बाहरी लोगों को लाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। सुवेंदु अधिकारी के लिए भी तृणमूल का यही आरोप था। वहीं बंगाल के राजनीतिक हलकों में बीजेपी की ये जीत काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। बीजेपी के पूर्व मेदिनीपुर के जिला उपाध्यक्ष प्रलोय पाल ने कहा कि जहां मतदाता वोट कर पाएंगे, वहां तृणमूल हारेगी और बंगाल में भाजपा जीतेगी।

## ईडी की कार्रवाई पर शरद पवार का बयान, बिना वजह संजय राउत को बीजेपी ने जेल में डाल दिया

मुंबई। पात्रा चॉल जमीन घोटाले मामले में सांसद संजय



राउत फिलहाल जेल में हैं। राउत के भाग्य का फैसला आज होगा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चार दिन पहले उनके खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल किया था। राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने सोमवार को राउत के खिलाफ ईडी की कार्रवाई पर टिप्पणी की है। वह एक संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। बीजेपी की तरफ से लगातार विपक्ष पर आरोप लगा रहे हैं कि शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे और शरद पवार संजय राउत की अनदेखी कर रहे हैं। इस पर एक सवाल के जवाब में पवार ने कहा कि अनिल देशमुख, नवाब मलिक, संजय राउत को बिना वजह जेल में डाल दिया गया।

## राहुल की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होंगे तेजस्वी?

### 3570 किलोमीटर के सफर के लिए लालू से मुलाकात कर कांग्रेस नेताओं ने किया आमंत्रित

पटना। कांग्रेस की कन्याकुमारी से कश्मीर तक की 3570 किलोमीटर की 150 दिनों तक चलने वाली भारत जोड़ो यात्रा लगातार अपने पड़वा की ओर बढ़ रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी



यादव को अपनी भारत जोड़ी यात्रा में शामिल होने का न्योता दिया है। बिहार में कांग्रेस नेताओं ने 18 सितंबर यानी रविवार के दिन को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और उनके माता–पिता, पूर्व मुख्यमंत्रियों लालू यादव और राबड़ी देवी से मुलाकात की और तेजस्वी यादव से राहुल गांधी के पैदल मार्च में शामिल होने का आग्रह किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि 12 राज्यों के अभियान को जबरदस्त जन समर्थन मिला है। यह निमंत्रण बिहार के डिप्टी सीएम द्वारा विपक्ष के कांग्रेस के नेतृत्व पर संदेह जताने के कुछ दिनों बाद आया है और संकेत दिया है कि पार्टी को कुछ क्षेत्रों में पीछे हटना चाहिए। "राजद नेता ने पिछले सप्ताह कहा था कि कांग्रेस को उन सीटों पर लड़ना चाहिए जहां उसका सीधा मुकाबला बीजेपी से है, लेकिन जहां भी क्षेत्रीय दल मजबूत हों, जैसे कि बिहार में उसे हमें ड्राइविंग सीट पर बैठने देना चाहिए। हालांकि, तेजस्वी यादव को निमंत्रण विपक्ष के नेतृत्व के साथ क्षेत्रीय सहयोगियों को साथ लाने के कांग्रेस के प्रयास का संकेत है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी न्योता मिला है। गौर करने वाली बात ये है कि यह अभी तक साफ नहीं है कि ये नेता राहुल गांधी का समर्थन करेंगे या नहीं। इस बीच, नीतीश कुमार के भाजपा छोड़ने और राजद, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के साथ एक नई सरकार स्थापित करने के फैसले ने विपक्ष के हौसले जरूर बुलंद किए हैं। कांग्रेस ने इस बात पर भी जोर दिया कि वह खुद को और कमजोर नहीं होने देगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा, ष्अगर (यात्रा) विपक्षी एकता में परिणत होती है, तो यह अच्छा है और हम इसका स्वागत करते हैं. लेकिन हमारी प्राथमिकता पार्टी संगठन को मजबूत करना है।







## ...जो बिहार में हुआ वो पूरे देश में होने जा रहा है, रोजगार के बहाने तेजस्वी का भाजपा पर निशाना

पटना। रोजगार को लेकर विपक्ष लगातार भाजपा पर हमलावर है। बेरोजगारी के मुद्दे पर विपक्ष भाजपा पर निशाना साधने का एक भी मौका नहीं छोड़ता है। इन सब के बीच बिहार के उप मुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने भी भाजपा पर निशाना साधा है। अपने बयान में उन्होंने साफ तौर पर कहा कि बिहार में जिस तरीके से युवाओं को रोजगार दिए जाने का काम चल रहा है, उससे भाजपा डर गई है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक तेजस्वी ने कहा कि इनका (भाजपा) पहला डर 2024 का है कि जो बिहार में हुआ वो पूरे देश में होने जा रहा है।





इनका दूसरा डर है कि इनको पता है कि कुछ दिनों में बिहार में लाखों की संख्या में सरकारी नौकरी मिलेंगी। अपने बयान में तेजस्वी यादव ने कहा कि इनको (भाजपा) 8–9 साल हो गए, 2 करोड़ नौकरी प्रति वर्ष देना था इन्होंने दिया नहीं। इनको लगता है कि बिहार अगर नौकरी दे देगा तो हर राज्य में मांग उठेगी कि उस राज्य में भी लोगों को सरकारी नौकरी मिले जो भाजपा की सरकार कर ही नहीं सकती है। दरअसल, जबसे नीतीश कुमार ने तेजस्वी यादव के साथ मिलकर सरकार बनाई है, रोजगार को लेकर दोनों नेताओं की ओर से लगातार बड़े–बड़े दावे किए जा रहे हैं। तेजस्वी यादव ने चुनाव के दौरान 10 लाख सरकारी नौकरी दिए जाने का वादा किया था। हाल में ही 15 अगस्त के मौके पर नीतीश कुमार ने भी इस पर अपनी सहमति दी और कहा कि वह इससे भी ज्यादा नौकरी युवाओं को देने के लिए काम कर रहे हैं।

# सड़क बनवाने की मांग को लेकर सड़क जाम में बवाल पथराव,मुकदमा दर्ज





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जनपद के गोल्हौरा थाने के जिगनिहवा बाजार मे सोमवार को घटित पथराव की घटना को लेकर कस्बा जिगनिहवा से चेतिया मार्ग व जिगनिहवा से गोठवा को जाने वाली सडक बनवाने की मांग को लेकर सुबह 10 बजे करीब एक युवक अतुल उपाध्याय पुत्र परमहस सा0बरगदवा थाना गोल्हौरा उम्र 20 वर्ष 2. अमित निषाद पुत्र स्व0जवाहिर निषाद सा0मऊ गदुरहिया थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर उम्र 35 वर्ष (जिला पंचायत सदस्य)03.गौरव निषाद पुत्र स्व0जवाहिर निषाद सा0मऊ गदुरहिया थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर उम्र 32 वर्ष (ग्राम प्रधान ),4.अम्बिका मिश्रा 5.आकाश ओझा 6.श्याम मिश्रा 7.लक्ष्मण यादव 8.बृजेश मिश्रा के नेतृत्व मे जिगनिहवा चेतिया मार्ग पर धरना प्रर्दशन किया जा रहा था। इसकी सूचना थाना स्थानीय पर पूर्व से थी इस कारण उपजिलाधिकारी बांसी,क्षेत्राधिकारी बांसी सहित 06 थाना प्रभारी सहित लगभग 100 संख्या मे पुलिस बल मौके पर सुबह से ही तैनात था। प्रर्दशनकारियो द्वारा रोड बांसी इटवा मार्ग को जाम करने का प्रयास किया गया।

तब फिर उन्हे समझा बुझाकर जाम समाप्त करा दिया था सभी लोग सडक को खाली करके वापस चले गये थे। उसी दौरान जिगनिहवा तिराहे से आगे बांसी की तरफ एक ट्रक चीनी लदा हुआ पलट गया था, उस ट्रक को हटवाने के लिए क्रेन की व्यवस्था बनायी जा रही थी जिसे रोड का आवागमन सुचारु रुप से चालू हो जाय। लगभग 25 मिनट बाद एकाएक 01.अतुल उपाध्याय 2.अमित निषाद पुत्र स्व0जवाहिर निषाद सा0मऊ गदुरहिया थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर उम्र 35 वर्ष (जिला पंचायत सदस्य) 03.गौरव निषाद पुत्र स्व0जवाहिर निषाद सा0मऊ गदुरहिया थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर उम्र 32 वर्ष (ग्राम प्रधान ), 4.अम्बिका मिश्रा 5. आकाश ओझा 6.श्याम मिश्रा 7. लक्ष्मण यादव 8.बृजेश मिश्रा उक्त लोगो के नेतृत्व मे करीब 200 व्यक्तियो द्वारा एकाएक रोड पर आकर प्रर्दशन करते हुए उग्र हो गये और आने जाने वाले वाहनो पर पथराव तथा जन समान्य से मारपीट व गाली गलौज करते हुए रोकने लगे।

उनके पथराव से शान्ति व्यवस्था ड्यूटी मे लगी भिन्न भिन्न थानो की पुलिस बल के 03 से 04 व्यक्तियो को चोटे आयी तथा तोडफोड से तीन चार वाहन क्षतिग्रस्त हो गये। पुलिस बल द्वारा मौके से प्रर्दशनकारियो के नेतृत्व कर्ता व्यक्तियो सहित 23 व्यक्तियो को पुलिस हिरासत मे लिया गया। जिसके सम्बन्ध मे मु0अ0स0 126/2022 धारा 147,148,323,504,506,427, 332,353,336,341 भादवि व = लोक सम्पत्ति छति निवारण अधि0 व 07 सी0एल0ए0एक्ट पंजीकृत किया गया। मौके पर उपस्थित पुलिस बल के थाना प्रभारियो द्वारा बाडी वार्न कैमरा धारण किया गया था तथा थाने के फोटोग्राफर द्वारा सादे वस्त्रो मे रहकर सम्पूर्ण घटनाक्रम की वीडियोग्राफी करके प्रर्याप्त साक्ष्य एकत्र किये गये है। अग्रिम व विधिक कार्यवाही किया जा रहा है ,मौके पर शान्ति व्यवस्था कायम है। पुलिस बल द्वारा मौके पर रहकर यातायात शान्ति व्यवस्था हेतु भ्रमण किया जा रहा है।

# सड़क न मिली पर हुआ मुकदमा दर्ज

## सड़क न बनने से ग्रामीणों में रोष, धरना प्रदर्शन कर किया चक्का जाम

*राजेश शर्मा/दैनिक बुद्ध का संदेश*

*बांसी/सिद्धार्थनगर। यदि आज आप अपने हक की भी बात करेंगे तो पूरा प्रशासन आपके खिलाफ नजर आएगा यह वक्या आज बांसी क्षेत्र में देखने को मिला जहां बार–बार जनप्रतिनिधियों से निवेदन करने के बाद ग्रामीणों को सड़क ना मिलने पर उन्हें धरना प्रदर्शन को बाध्य होना आखिर क्या कारण था कि जनप्रतिनिधि एंव प्रशासन इस सड़क को बनवाने में अभी तक रुचि नहीं ले रहे थे क्या उनको अंदेशा नहीं था कि कभी भी ग्रामीणों का रोष एक बड़े प्रदर्शन के लिए बाध्य हो सकता है देखा जाए तो इन सब की जिम्मेदारी जनप्रतिनिधि और प्रशासन की है लेकिन अपना पल्ला झाड़ते हुए केवल ग्रामीणों पर अपना रोष उतारा गया है सूत्रों के मुताबिक सड़क न मिली पर मुकदमा दर्ज जरूर हुआ यह सबकी जुबान पर है। आप को बता दे की विकास खंड बांसी अन्तर्गत जिगनिहवा से चेतिया व जिगनिहवा से डड़वा घाट के मार्ग निर्माण को लेकर सोमवार को जिगनिहवा चौराहे पर ग्रामीणों ने चक्काजाम कर विरोध जताया। चेतावनी देते हुए कहा गया कि अगर सड़क निर्माण अविलंब नहीं कराया गया तो ग्रामीण बृहद आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने कहा कि अगर ग्रामीणों की मांगो पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले समय में वृहद आंदोलन किया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन एवम प्रशासन की होगी ग्रामीणों का कहना है कि जिगनिहवा से चेतिया मार्ग व जिगनिहवा से डड़वा घाट जाने वाली सड़क न बनने से ग्रामीणो व अन्य राहगीरों को आने–जाने में काफी असुविधा होती है। कभी–कभी तो लोग दुर्घटनाग्रस्त भी हो जाते हैं। कहा गया कि सड़क निर्माण के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से गुहार लगाई गई, लेकिन अभी तक मार्ग निर्माण नहीं हो पाया है, जिससे ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है। और इसी बात को लेकर क्षेत्रीय ग्रामीण धरना देकर चक्काजाम कर रहे थे। धरना प्रदर्शन में जिगनिहवा, चेतिया, असगवा, गोठवा घाट, मऊ, डड़वा घाट, माली जोत, धुसिया, जाल्हेखोर आदि ग्रामों के ग्रामीण शामिल रहे। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य अमित कुमार निषाद, अतुल उपाध्याय, आकाश ओझा, गौरव निषाद आदि लोग उपस्थित रहे।*

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटवा मे सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ

## सांसद जम्बादिक पाल ने हेल्थ ए टी एम का फीता काटकर शुभारंभ किया







दैनिक बुद्ध का संदेश

इटवा/सिध्दार्थनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटवा मे आयोजित किया गया सेवा पखवाड़ा बृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान मंत्री के नेतृत्व सरकार द्वारा किये जा रहे एतिहासिक कार्य पर प्रकाश डाला गया। इस शिविर में मरीजों के निशुल्क चिकित्सा सुविधा मुफ्त प्रदान की गई।

हेल्थ ए टी एम का उद्घाटन किया गया। जिसमें 60 जांच सुविधा मुफ्त किया जायेगा।

मुख्य अतिथि के रूप में सांसद जम्बादिक पाल ने हेल्थ ए टी एम का फीता काटकर शुभारंभ किया। व कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ससाद जम्दबिका पाल ने कहा कि इटवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे जल्दी ही आक्सीजन प्लांट लगेगा जिससे स्वास्थ्य सुविधा मे सहयोग मिलेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी वी के अग्रवाल ने कहा कि जल्दी ही इटवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान इटवा चिकित्सा अधिकारी डा सदीप द्विदी, डा0 सन्तोष राय, डॉ अनिल यादव डा वी के सिंह, कुलदीप द्विवेदी, राजेश द्विवेदी, अमित मिश्रा, राकेश विश्वकर्मा, स्वास्थ्य कर्मचारियों व अन्य भाजपा कार्यकर्तागण व क्षेत्रीय नगरीक मौजूद रहे।

# देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जरूरत:सांसद जगदंबिका पाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के





अवसर पर आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को नौगढ़ ब्लॉक सभागार में भारतीय जनता पार्टी द्वारा मोदी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व प्रदर्शनी का उद्घाटन डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल ने किया। प्रदर्शनी के बाद आयोजित गोष्ठी में सांसद ने मोदी के व्यक्तित्व के बारे में प्रकाश डालते हये कहा की आज देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जरूरत सबसे ज्यादा है। इस अवसर पर कार्यक्रम में नौगढ़ ब्लॉक प्रमुख रेनू मिश्रा जिला महामंत्री कन्हैया पासवान जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य जिला मंत्री फतेह बहादुर सिंह अजय उपाध्याय नगर अध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा निवर्तमान अध्यक्ष लक्ष्मीकांत जयसवाल पूर्व अध्यक्ष श्यामसुंदर मित्तल पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राजू सिंह राजेश मिश्रा ओमकार नाथ पांडे सबलू साहनी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा दिलीप सिंह संत राम राजभर रवि श्रीवास्तव गंगा मिश्रा पिंगल जख्मी आदि लोग रहे।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने सेवा पखवाड़ा को लेकर किया बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा हज सीमित



के सदस्य इफ्तिखार हुसैन ने रविवार को पार्टी के जिला कार्यालय में खालिक रहमान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की अध्यक्षता में बैठक की सेवा पखवारा के संबंध में कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिया शासन की मंशा को बताया हज सीमित सदस्य ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पर सेवा पखवारा का आयोजन किया जा रहा है इसमें भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी सामाजिक कार्य भी करेंगे अस्पताल वा सार्वजनिक स्थलों पर स्वछता अभियान संचालित किया जाएगा रोगियों की सेवा वा फल वितरण भी करें गे बैठक में खालिक रहमान भाजपा जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा, जिलामहामंत्री विपिन सिंह, जिला मंत्री अजय उपाध्याय, देवेन्द्र कुमार मिश्रा, आदि लोग उपस्थित रहे।

# बर्डपुर मंडल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का आयोजन

## प्रदर्शनी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवनशैली एवं लोककल्याण हेतु किए जाने वाले कार्यों को दर्शाया गया





दैनिक बुद्ध का संदेश

बर्डपुर/सिद्धार्थनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत भाजपा बर्डपुर मण्डल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन सदर विधायक श्यामधानी राही ने फीता काटकर किया। इसके पश्चात पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासियों संग उसका अवलोकन भी किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के प्रति संकल्पित है। उनकी नीतियों एवं कार्यक्रमों में सेवा एवं गरीब कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता के रूप में समस्त देश वासियों ने अनुभव किया है एवं उनके प्रति समाज के सभी वर्गों में व्यापक जनसमर्थन भी है। हम सभी के लिए यह हर्ष और सेवा का अवसर है की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय, जिला मंत्री अजय उपाध्याय जिला कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, सत्यप्रकाश राही, फूलचंद जयसवाल, सबलू साहनी, अभिषेक कसौधन, विवेक गोस्वामी, संतोष उपाध्याय, अविनाश शुक्ला, जेपी मौर्या, मोहन चौधरी, मारकंडे मिश्रा, मंगलेश शुक्ला, सतीश जयसवाल, विनय वर्मा, बेचन कुमार, श्यामबिहारी मिश्रा, पवन पाठक, अफजल हुसैन, संतोष यादव, शिवकुमार मोदनवाल, सीताराम, बीपी गुप्ता, सत्यनारायण,विनय कुमार आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम सदर ने की राजस्व कर्मियों की समीक्षा बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। एसडीएम सदर ने तहसील सभाकक्ष में राजस्व



कर्मियों के कार्यो की समीक्षा की। उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार यादव खसरा फीडिंग, स्वामित्व योजना, ताल, पोखरा, गड़ही की फीडिंग, बृद्धा पेंशन, पारिवारिक लाभ, कृषक दुर्घटना बीमा का लाभ पात्र लोगो को मिले।उपजिलाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को अवश्य मिलना चाहिए। इस अवसर पर तहसीलदार सदर राम ऋषि रमन, नायब तहसीलदार बिन्द्रेश गुप्ता, राजस्व निरीक्षक शीतल द्विवेदी, सुरेश तिवारी, श्रवण शुक्ला, विजय गुप्ता, श्रीराम चौरसिया, नजमुल हसन, अम्बरीश, अशोक श्रीवास्तव, प्रेम प्रकाश, लेखपाल रामकरन गुप्ता, सुधीर श्रीवास्तव, देवानन्द, कृष्णा नन्द चौधरी, गणेश त्रिपाठी, विनय पाण्डेय, अशोक, शिवशंकर, विमल, विजय, बृजेश, रामकुमार, आशुतोष कुमार, रामशंकर, दुर्गेश, देवेन्द्र त्रिपाठी, बैजनाथ, बृजेश, महेन्द्र, विनोद, अमित, राजेश, रणधीर शशांक, राहुल आदि उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

**इससे हेडलाइन मैनेज करने में मदद मिलती है। लेकिन उससे भारतीय समाज में फैल रही माली बदहाली का हल नहीं निकलेगा, जिसकी कहानी खुद सरकारी आंकड़े भी बता रहे हैं। सोमवार को जारी आंकड़ों पर गौर करें, तो संकेत मिलता है कि आने वाले महीनों में भी महंगाई, घटती आमदनी, गायब ...**

# मारती ही जा रही महंगाई




अर्थशास्त्री इसे चिंता का पहलू बता रहे हैं। लेकिन इन तमाम सूरतों से जो एक व्यक्ति चिंतित नहीं है, वो वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन हैं। कुछ ही दिन पहले उन्होंने कहा था कि महंगाई उनकी बड़ी चिंता का विषय नहीं है। जुलाई में मुद्रास्फीति दर फिर से सात प्रतिशत पहुंच गई। उसमें अगर खाद्य पदार्थों की महंगाई का हिस्सा देखें, तो यह 7.62 प्रतिशत रहा। इसी के साथ औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में गिर कर छह महीनों के सबसे निचले स्तर पर चला गया। बाजार विशेषज्ञों इन आंकड़ों को इस रूप में देखा है कि लगातार बढ़ रही महंगाई से लोगों की वास्तविक आमदनी घट रही है और इसलिए उपभोग में लगातार गिरावट आ रही है। यानी बाजार से मांग गायब हो रही है। जब यह सूरत होगी, तो औद्योगिक उत्पादन में बढ़ोतरी का आधार ही नहीं बचता है। उधर निर्यात की परिस्थितियां बिगड़ती जा रही हैं, नतीजा चालू खाते का लगातार का लगातार बढ़ता घाटा है। इस बीच रुपये को संभालने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक अपने भंडार से लगातार बाजार में डॉलर डाल रहा है। उसका नतीजा दो सितंबर को खत्म हुए सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में आठ बिलियन डॉलर की गिरावट के रूप में सामने आया। साल में ये भंडार 642 बिलियन डॉलर से घटते हुए लगभग 553 बिलियन डॉलर तक आ पहुंचा है। अर्थशास्त्री इसे चिंता का पहलू बता रहे हैं। लेकिन इन तमाम सूरतों से जो एक व्यक्ति चिंतित नहीं है, वो वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन हैं। कुछ ही दिन पहले उन्होंने कहा था कि महंगाई उनकी बड़ी चिंता का विषय नहीं है। उनका ध्यान ग्रोथ पर टिका हुआ है। ग्रोथ पर उनका ध्यान शायद इसलिए है कि बेहद निम्न आधार के कारण मामलू सी वृद्धि भी बहुत ऊंची दिखती है। इससे हेडलाइन मैनेज करने में मदद मिलती है। लेकिन उससे भारतीय समाज में फैल रही माली बदहाली का हल नहीं निकलेगा, जिसकी कहानी खुद सरकारी आंकड़े भी बता रहे हैं। सोमवार को जारी आंकड़ों पर गौर करें, तो संकेत मिलता है कि आने वाले महीनों में भी महंगाई, घटती आमदनी, गायब होती मांग और उत्पादन में गिरावट की समस्या से निजात मिलने की उम्मीद कम है। वैसे जब समस्या और उससे ग्रस्त लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है– यानी सरकार इसके हल में अपनी भूमिका नहीं मान रही है– तो इससे बेहतर किसी परिणाम की आशा भी नहीं की जा सकती है।

## गोवाः भाजपा से भारत बिना सिद्धांत, चरित्र और नैतिकता के!

वेद प्रताप वैदिक

इधर राहुल गांधी की केरल में श्भारत जोड़ोय यात्रा चल रही है और उधर गोवा में श्कांग्रेस तोड़ोय का हादसा हो गया है। इस मौके पर गोवा में कांग्रेस के 11 में से आठ विधानसभा सदस्यों का टूटकर भाजपा में मिल जाना अपने आप में ऐसी घटना है, जो सारी यात्रा पर पानी फेर देती है। हो सकता है कि भाजपा ने इस दल–बदल के लिए यह समय इसीलिए चुना हो।

कोई आश्चर्य नहीं कि कुछ अन्य प्रांतों में भी भाजपा ऐसे ही करिश्मे कर दिखाए। गुलाम नबी आजाद जैसे अनुभवी नेताओं के द्वारा कांग्रेस छोडने के बाद राहुल की पद–यात्रा से जो थोड़ी आशा बंधी थी, उसे गोवा में बड़ा झटका लग गया है। कांग्रेस का कहना है कि गोवा का यह दल–बदल इसीलिए करवाया गया है कि भाजपा उसकी पद–यात्रा से घबरा गई थी। उन्होंने कहा है कि यह भाजपा का श्आपरेशन कीचड़्य है।

वास्तव में यह गोवा के कीचड़ में भाजपा के कमल का खिलना ही है। हालांकि भाजपा की सरकार वहां मजे से चल रही थी। लेकिन इन आठ कांग्रेसी विधायकों के भाजपा में मिल जाने से गोवा की 40 सीटों वाली विधानसभा में उसकी 28 सीटें हो गई है। अब उसे छोटी–मोटी स्थानीय पार्टियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। ऐसा नहीं है कि इतना तगड़ा दल–बदल गोवा में पहली बार हुआ है। 2019 में भी 10 कांग्रेसी विधायक भाजपा में शामिल हो गए थे।

इसी दल–बदल के डर के मारे इस बार कांग्रेस ने अपने विधायकों को उनके गिरजे, मंदिर और मस्जिद में ले जाकर प्रतिज्ञा करवाई थी कि वे कांग्रेस में ही रहेंगे लेकिन आप देखें कि राजनीतिक स्वार्थ कितना भयंकर होता है। एक विधायक ने मंदिर में जाकर भगवान से पूछा कि मैं बड़ी दुविधा में हूं। मैं क्या करुं? तो भगवान ने उससे कह दिया कि जो तुम्हें ठीक लगे, वह करो।

इन दल–बदलुओं के लिए नीति, सिद्धांत, विचारधारा और यहां तक भगवान की भी कोई कीमत नहीं है– सत्ता–प्राप्ति के मुकाबले। भाजपा ने नेताओं की इस कमजोरी को जमकर पकड़ लिया है। इसी के दम पर उसने अरुणाचल (2018), कर्नाटक (2018), मध्यप्रदेश (2020), गुजरात (2018–19) और पश्चिमी बंगाल में जमकर दल–बदल करवाए। श्आपय पार्टी का बयान है कि भाजपा उसके पंजाबी विधायकों को तोडने के लिए करोड़ों रु. लुटाने को तैयार है।

गोवा, नागालैंड, मेघालय आदि के ईसाई नेताओं को पटाने के लिए भाजपा ने मांसाहार के विरुद्ध भी बोलना बंद कर दिया है। दूसरे शब्दों में यह कहा जा सकता है कि भाजपा सरकार भारत को कांग्रेसमुक्त करा पाए या नहीं, वह भारतीय राजनीति को सिद्धांतमुक्त जरुर करवा रही है।

# चीन से दोस्ती-दुश्मनी दोनों कैसे चलेगी!

**वैसे इस बार बलात्कार की इस जघन्य वारदात को मुख्यधारा के मीडिया में भी पर्याप्त जगह मिल रही है, क्योंकि एकाध को छोड़कर बाकी सभी आरोपी अल्पसंख्यक समुदाय से हैं। बिलकिस बानो या कठुआ की बच्ची का दर्द जिन लोगों ने कभी समझने की कोशिश नहीं की, वो अब इन बच्चियों के लिए अचानक मुखर हो गए हैं। समाज के नैतिक और चारित्रिक पतन का रोज एक नया नमूना पेश हो ...**

हरिशंकर व्यास

नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री रहते और उसके बाद प्रधानमंत्री बनने के बाद शुरू के कई सालों तक चीन के साथ दोस्ती दिखाते रहे। दिखाते क्या रहे चीन के साथ उन्होंने खूब दोस्ती रखी तभी चीनी कंपनियों का गुजरात में निवेश भी हुआ था। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने साबरमती रिवर फ्रंट पर शी जिनफिंग को झूला झुलाया। बाद में अनौपचारिक वार्ता के लिए वुहान गए। दूसरी अनौपचारिक वार्ता के लिए जिनफिंग भारत आए और ममलापुरम में दोनों के बीच वार्ता हुई। लेकिन उसके बाद क्या हुआ? पहले डोकलाम में चीन ने भारत की जमीन कब्जाई। उसके बाद पूर्वी लद्दाख में घुसपैठ करके जमीन पर कब्जा किया। दशकों बाद दोनों देशों के बीच सैन्य झड़प हुई, जिसमें गलवान घाटी में भारत के 20 जवान शहीद हुए। अप्रैल 2020 के बाद सारी स्थितियां बदल गईं। पूर्वी लद्दाख में गलवान से लेकर पैंगोंग झील, देपसांग, डेमचक सहित कई जगहों पर भारत और चीन की सेनाएं आमने सामने आ गईं।

एक तरफ यह स्थिति। ढाई साल से दोनों देशों में जबरदस्त तनातनी है तो दूसरी ओर चीन के साथ कारोबार भी बढ़ता जा रहा है। पहली बार भारत और चीन के बीच कारोबार एक सौ अरब डॉलर से ज्यादा हुआ है। पिछले साल यानी 2021 में भारत और चीन के बीच 125 अरब डॉलर का कारोबार हुआ, जिसमें भारत का व्यापार



घाटा 69 अरब डॉलर का था। इसमें भारत ने चीन से 94.2 अरब डॉलर का आयात किया। यह भारत के कुल आयात का 15 फीसदी है। इस साल यानी 2022 की पहली छमाही में ही चीन के साथ भारत का कारोबार 67.08 अरब डॉलर का हो चुका है। इसका मतलब है कि पिछले साल के कारोबार का रिकॉर्ड इस साल टूट जाएगा। सोचें, एक तरफ चीन भारत को चारों तरफ से घेर रहा है, पड़ोसी देशों पर दबाव डाल कर उनको भारत के खिलाफ बना रहा है, सीमा पर सैन्य ताकत बढ़ा कर भारत को घेर रहा है तो दूसरी ओर भारत उसके साथ कारोबार बढ़ाता जा रहा है। उस कारोबार में भी ऐसा नहीं है कि भारत को फायदा है। भारत को बड़ा नुकसान है। भारत की ओर से चीन को जितना निर्यात किया जा रहा है उससे लगभग चार गुना आयात किया जा रहा है।

एक तरफ आत्मनिर्भर भारत का नारा है तो दूसरी ओर देश पूरी तरह से चीन निर्भर होता जा रहा है। देश के तमाम सामरिक जानकार इस बात के लिए भारत की आलोचना कर रहे हैं। सामरिक विशेषज्ञ ब्रह्मा चौलानी ने पिछले साल का एक आंकड़ा देकर ट्विट किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी इस बात को कैसे जस्टिफाई करेंगे कि सीमा पर चल रहे गतिरोध के बीच चीनके साथ कारोबार दोगुना हो गया? उन्होंने बताया कि 2021 के जनवरी से नवबंर के बीच चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा साढ़े 61 अरब डॉलर का हो गया। उन्होंने यह भी बताया कि यह आंकड़ा भारत के एक वित्तीय वर्ष में कुल रक्षा खर्च के लगभग बराबर है। इसलिए एक तरफ सीमा विवाद है तो दूसरी ओर चीन के साथ कारोबार है। ऐसे ही एक तरफ चीन से सीमा विवाद सुलझाने के लिए सैन्य और कूटनीतिक वार्ताएं हैं तो दूसरी ओर दलाई लामा को बधाई दी जा रही है और साथ ही संसदीय समिति की ओर से दलाई लामा को भारत रत्न दिए जाने की मांग उठ रही है। तो क्या चीन इस बात को नहीं समझ रहा है? उसे पता है कि उसको भारत के साथ कैसे पेश आना है। बस भारत को नहीं पता है कि चीन से कैसे निपटना है। इसलिए भारत की कूटनीति, आर्थिक नीति और सामरिक नीति सब कंफ्यूजन में है और दूसरी ओर चीन लगातार भारत को घेरते हुए है।

# आत्मविश्वास और सफलता

आत्मविश्वास एक आत्मिक संपदा है जिसमें संकल्पना को भी वास्तविकता में परिवर्तित करने का सामर्थ्य निहित है। आत्मविश्वास अर्थात स्वयं की क्षमता और योग्यता पर विश्वास। यह उच्च मनोभाव है जिसके प्रभाव में कार्य सिद्धि से संदर्भित सकल संशय निर्मूल हो जाते हैं। इसके सुप्रभाव में गुणों के बेहतर प्रदर्शन की क्षमता उत्पन्न होती है, फलतः दुष्कर कार्य भी पूर्णता को प्राप्त होते हैं। सांस्कृतिक विचारणा में यह उच्च जीवनादर्श है। यहां उत्साहहीनता सदृश नकारात्मक भावों का कोई स्थान नहीं। उल्लेखनीय है कि मन मस्तिष्क की सकारात्मकता सफलता की ओर ले चलती है। आत्मविश्वास एक आन्तरिक शक्ति है जिसका प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप में व्यक्ति के विनिर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। इसके कारण व्यक्तित्व में वैचारिक सशक्तता परिलक्षित होती है। आत्मविश्वास की पृष्ठभूमि पर अवस्थित होकर अनेकानेक महापुरुषों ने सांस्कृतिक आदर्शों को व्याख्यायित कर समाज में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। आत्मविश्वास व्यक्ति में नव उर्जा को प्रादुर्भूत कर कार्यसिद्धि में सहायक बनता है। आत्मविश्वास के लिए स्वस्थ सोच अपरिहार्य है जो व्यक्ति में नई आशा, उत्साह तथा परिश्रम को जगाता है। यह व्यक्ति को कर्म पथ पर सतत संचालित करता हुआ सफलता की ओर उन्मुख करता है। आत्मविश्वास के सुप्रभाव में व्यक्ति निराशा में भी आशा की, दुःख में भी सुख की संभावनाओं को देखता है। फलतः असफलता को भी सफलता में परिवर्तित करने व असंभव को संभव बनाने की दिशा में वह गतिमान होता है। इस परिस्थिति में व्यक्ति अपनी समग्र शक्तियों को संगठित करके उन्हें कार्यसिद्धि की दिशा में प्रवृत्त करता है। इस भाव से संयुक्त होकर व्यक्ति अविराम गति से कार्य की पूर्णता की ओर अग्रसर होता है। आत्मविश्वास लक्ष्य पूर्ति में एक सशक्त उपकरण है। जब तक स्वयं की क्षमता और कौशल पर विश्वास नहीं होता तब तक प्रगति की ओर नहीं बढ़ना संभव नहीं। इसके साथ ही कार्य कौशल, दृढ़ निश्चय, अथक् परिश्रम, उत्साह पूर्णता, धैर्य संपन्नता, समयबद्धता की कार्य की सम्पूर्णता में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आत्मविश्वास के बिना तो प्रतिभा भी सम्यक प्रकार से मुखरित नहीं हो पाती। आत्मविश्वास को मानव का 'घनिष्ठ मित्र' कहा जा सकता है। लक्ष्याधिगम के निमित्त निरालस्य होकर सक्रियता आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक है। विचार ही कार्य को मूर्तरूप प्रदान करते हैं। विचारों के अनुरूप ही परिणाम समक्ष दिखाई देता है। निस्सन्देह, जीत और हार मनुष्य की सोच पर भी निर्भर करती है। यदि विचारों में सुदृढ़ता है तो जीत की आशा उतनी ही प्रबल होती है– मन के हारे हार है, मन के जीते जीत। यही नहीं, आत्मविश्वास सफलता के प्रमुख अवयव 'उत्साह' को जाग्रत करता है–

सोत्साहतास्ते विजयैक सेतुः।

श्री ब्रह्मानंद शुक्ल कृत श्री गांधिचरितम्

आत्मविश्वासी प्रतिकूल परिस्थितियों को नियंत्रण में रख सकता है। उसका हृदय कार्य की उत्कृष्टता व पूर्णता के प्रति निश्शंक और आश्वस्त रहता है, उसकी गति विघ्नों से अवरूद्ध नहीं होती। विषम परिस्थितियों को आत्मविश्वास से अनुकूलता लाना संभव है। ध्यातव्य है कि प्रतिकूल परिस्थितियां मानव को सशक्त बनाती हैं। अनेकानेक महापुरुषों ने संघर्ष पथ पर चलते हुए आत्मविश्वास के बल पर सफलता का इतिहास रचा। अतएव अपने मनोबल को ऊंचा बनाए रखना अतीव महत्वपूर्ण है। आत्मविश्वास एक ऊर्जा स्रोत है जो मनुष्य में निहित संपूर्ण शक्तियोंध्साधनोंध्गतिविधियों को लक्ष्यसिद्धि की ओर उन्मुख कर देता है। आत्मविश्वास एकाग्रता, उत्साह, स्फूर्ति आदि विचारों से उर्जस्विल बनाता है। यह व्यष्टिगत प्रदर्शन के लिए ही नहीं अपितु समष्टिगत सफलता के लिए अनिवार्य तत्व है। आत्मविश्वास, विषयगत तथ्यों और आंकड़ों पर आधारित ज्ञान और कर्मठता से संयुक्त मनुष्य के लिए सफलता असंभव नहीं। आत्मविश्वास असफलता– निराशा– द्विविधा– शंका– भय को अस्तित्व हीन कर सकता है। सन्दर्भित जानकारी, उचित वेशभूषा, समुचित पोषण, सुस्वास्थ्य ये सभी तथ्य आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायता करते हैं। आत्मविश्वास को प्रगतिशील जीवन का आधार कहा जा सकता है। स्वयं पर विश्वास करना एक सकारात्मक भाव है जो मानव को ऊर्जावान बनाता है। इसीलिए प्रार्थना की गई कि– हमको मन की शक्ति देना मन विजय करे। दूसरों की जय से पहले खुद को जय करें। आत्मविश्वासी व्यक्ति के जीवन में परिश्रम का स्तर उन्नत रहता है।

स्मरणीय है कि व्यक्ति कई बार अपने कार्य का मूल्यांकन उचित रूप में नहीं कर पाता। अपनी त्रुटियों को सुधारने के लिए सजगता आवश्यक है। इस सन्दर्भ में समाजसुधारक कबीर का उपदेश है कि– निंदक नियरे राखिए। आत्मविश्वासी व्यक्ति अपनी गलती का विवेकपूर्वक निराकरण करता हुआ त्रुटि की पुनरावृत्ति नहीं करता बल्कि उससे सीख लेता है। इस प्रकार सकारात्मक दृष्टिकोण से की गई आलोचनाएं सुधार की ओर प्रवृत्त करती हैं। जो निंदा करता है, अवगुणों को इंगित करता है, वह अवगुणोंध्दोषों के निराकरण हेतु प्रेरणा देता है। विकारोंध्दुर्गुणोंध्त्रुटियों का विश्लेषण दोषमुक्त बनाने में सहायक है। नकारात्मक टिप्पणियों को नजरअंदाज करना ही उचित है। यजुर्वेद में शिवसंकल्प सूक्त में मन को शिव संकल्प से संयुक्त बनाने हेतु भगवदीय स्तुति की गई– तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु। जब मन संकल्प अर्थात् दृढ़ निश्चय कर लेता है तब कार्यसिद्धि की संभावनाएं प्रबल होती हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि आत्मविश्वासी व्यक्ति ही शिव संकल्पवान हो सकता है। जीवन में आत्मविश्वास की अहम भूमिका है। अतः आत्मविश्वास अर्जित करने के लिए कतिपय बिंदुओं को दृष्टिगत करना उचित ही है– आत्मविश्वास के लिए संबन्धित पूर्ण जानकारी आवश्यक है। कार्य की पृष्ठभूमि को अच्छी तरह समझ कर उसे व्यवस्थित ढंग से किया जाना श्रेयस्कर है।

समयबद्धता से भी व्यक्तित्व में विशिष्टता का समावेश होता है। इसलिए 'कल नहीं आज' सिद्धांत को आत्मसात करना श्रेयस्कर है। कार्य को सम्पूर्णता से पूर्व बीच में छोड़ना उचित नहीं, अनवरत प्रयास सफलता की ओर ले चलता है। यह प्रवृत्ति आत्मविश्वास को बढ़ाती है– विघ्नैरपि पुनः प्रतिहन्यमाना न विरमन्ति धीराः। भर्तृहरि कृत नीतिशतकम् नकारात्मक तत्वों से दूरी बनाते हुए स्वयं की योग्यता तथा दक्षता पर भरोसा रखें। लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता के साथ–साथ चुनौतियों को स्वीकार करने का साहस रखें।

कार्य के प्रति रूचि जगाना उचित है। कार्य को रूचिपूर्वक संपन्न करने से अपेक्षाकृत बेहतर परिणाम की संभावना रहती है। जिम्मेदारियों का समुचित निर्वाह भी आत्म विश्वास की अभिवृद्धि में महत्वपूर्ण कारक है।

किसी भी व्यक्ति से अपनी तुलना करना उचित नहीं। स्मरणीय है कि मानव ईश्वरीय सर्वोत्तम कृति है। प्रत्येक व्यक्ति में कुछ न कुछ विशिष्टता अवश्य होती है। अतएव व्यक्ति अपने गुणों को लक्षित करते हुए

संभावनाओं को खोजने का प्रयास करें। ध्यातव्य है किआत्मविश्वास में संभावनाओं को जाग्रत करने का प्रबल सामर्थ्य होता है। अभ्यास व्यक्ति को बेहतर बनाता है। सुप्रसिद्ध लोकोक्ति है कि– करत करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान। विद्वज्जनों के अनुभवों से शिक्षित हो कार्य की गुणवत्ताध को स्तरीय बनाना आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक है। इस दृष्टि से आत्म चिंतन, आत्म विश्लेषण, आत्म सुधार महत्वपूर्ण अवयव हैं। विवेकपूर्वक निर्णय के उपरांत ही कार्य प्रारंभ करना औचित्यपूर्ण है। आत्मविश्वास के बल से समन्वित व्यक्ति ही कर्मवीर बनने की दिशा में अग्रसर होता है। विपरीत परिस्थितियों में भी आत्मविश्वास व्यक्ति को आंतरिक बल और साहस के प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है। अपनी दुर्बलता को निराकृत करने हेतु प्रयत्नशीलता वांछित है। पराजय का भाव प्रगति में अवरोधक है अतः सकारात्मक सोच को प्रश्रय दें। छोटी–छोटी उपलब्धियां भी आत्मविश्वास को जगाने में सहायक बनती है। कार्य में गुणवत्ता लाने के लिए सृजनात्मक तथा रचनात्मक उपायों पर चिंतन तथा क्रियान्वयन अत्यंत प्रभावी समाधान है। ध्यातव्य है कि आत्मनिर्भरता मनुष्य के आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक है। अंततः जीवन में उतार चढ़ाव आना एक यथार्थ है। प्रत्येक परिस्थिति में कठिन समस्याओं से निपटनेध उबरने के लिए तैयार रहना ही समीचीन है। यहां आत्मविश्वास एक घनिष्ठ मित्र की तरह सहायक बनता है। कर्तव्योंध्दायित्वों का सुचारू रूप से निर्वहण करने के लिए आत्मविश्वास से पूर्ण पुरुषार्थी बनें, हार न मानें।

**डॉ0 कनक रानी**
**पूर्व प्राचार्य, आर्य महिला डिग्री कालेज, शाहजहांपुर**



# सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सम्पूर्ण जनपद में प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित प्रदर्शनियों का आयोजन

## जनप्रतिनिधियों ने पीएम व्यक्तित्व प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

हरदोई ।सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित प्रदर्शनियों की सृंखला में सम्पूर्ण जनपद में प्रदर्शनियों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी मे सण्डीला में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के व्यक्तित्व पर आधारित प्रदर्शनी का विधायक अल्का अर्कवंशी द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। इस प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री जी की बचपन से आज तक जीवनी को दर्शाया गया। विधायक ने देश के प्रधानमंत्री के लिए अपने विचार प्रकट किये। लोगो से अपील की गयी कि प्रदर्शनी पालिका कार्यालय पर जनमानस हेतु सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत प्रदर्शित रहेगी। सभी लोगों को अधिक से अधिक इस प्रदर्शनी से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी रुद्र प्रताप सिंह, अवर अभियंता सीविल गौरव शुक्ला, अवर अभियंता जल सुनील यादव, लेखाकार परवेज खान, स्वास्थ्य लिपिक प्रकाश कुमार,निर्माण लिपिक शिव कुमार, बबलू सभासद, अभय गुप्ता सभासद, विनोद कुमार सभासद और ठेकेदार अंगूरी शंकर सिन्हा, गुड्डू भैया, रामरतन वर्मा, संजय जायसवाल, डॉ उमेश सूर्या अध्यक्ष प्रधानसंघ सण्डीला व नगर पालिका का अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। इसके साथ ही आज विधायक बिलग्राम मल्लावां आशीष कुमार सिंह आशु एवं अनुराग मिश्र अध्यक्ष नगर पंचायत माधौगंज के माधौगंज में द्वारा प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर सम्मानित सदस्य गण, नागरिकगण, मीडिया बंधु एवं स्टाफ आदि उपस्थित रहे। प्रदर्शनी पंचायत कार्यालय पर जनमानस हेतु सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत प्रदर्शित रहेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के व्यक्तित्व पर आधारित नमो प्रदर्शनी का आयोजन नगर पंचायत कछौना पत्सेनी कार्यालय पर किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन विधायक रामपाल वर्मा एवं एम एल सी अशोक अग्रवाल के द्वारा किया गया। अधिशासी अधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व पर आधारित प्रदर्शनी के बारे मे बताया गया। इसके पश्चात अधिशासी अधिकारी व अध्यक्ष प्रतिनिधि विकास विश्वकर्मा गोल्डी द्वारा विधायक व एमएलसी को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी रामबदन यादव, ब्रह्म कुमार सिंह, सुशील कुमार गुप्ता, अभय सिंह, अरविंद कुमार, धर्मेन्द्र सिंह, रंजीत गौतम, राजकुमार, मोहम्मद इरफान, छोटे, मेराज अहमद सदस्य गण, नवीन पटेल मंडल अध्यक्ष, मयंक सिंह , लिपिक जे बी सिंह एवं नगर के सम्मानित नागरिकगण व नगर पंचायत के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

नगर पंचायत गोपामऊ कार्यालय पर प्रदर्शनी का उद्घाटन जिला महामंत्री अजीत सिंह बब्बन द्वारा किया एवं प्रधानमंत्री जी के व्यक्तित्व पर आधारित प्रदर्शनी के बारे मे बताया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रतिनिधि नौशाद नदवी, नगर पंचायत सदस्यगण, लिपिक मोबीन खान एवं नगर के सम्मानित नागरिकगण व नगर पंचायत के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## शोहरतगढ़ न० पं० सभागार में पीएम मोदी के जीवन वृतान्त की लगी प्रदर्शनी

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन से जुड़े विभिन्न घटनाक्रमों एवं राजनीतिक सफर को लेकर आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ सभागर में बैनर–पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता एवं अधिशासी अधिकारी नवीन कुमार सिंह ने फीता काटकर प्रदर्शनी लोगों को समर्पित किया। प्रदर्शनी में एयर पोर्ट जैसे बस स्टेसन, पावरफुल सीएम, स्कूल चले हम, गुजरात के लिए ग्लोबल विजन, ड्रीम बिग वाटर ग्रिड, बचपन की पाठशाला से, कर्म के प्रति समर्पण, साबरमती रीबरफ्रंट, माँ से मिला ईमानदारी का संस्कार, मोदी और गुजरात गुजरात मॉडल आदि के पोस्टर लगाए गए थे। इसके साथ ही अधि

ाशाषी अधिकारी नवीन कुमार ाशासी अधिकारी नवीन कुमार





सिंह ने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता पखवारा में व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें साफ सफाई समेत विभिन्न पहलुओं पर कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में अधि सिंह एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता एवं सतीश मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व महात्मा गांधी के जीवन से जुड़ी अनेक बातों को साझा किया। इस दौरान सोनू निगम, राजेश गुप्ता, गोलू पासवान आदि मौजूद रहे।

# छात्रसंघ पदाधिकारियों द्वारा अपने दिवंगत छात्रसंघ पदाधिकारियों को दी गई श्रद्धांजलि

हरदोई ।पूर्व महामंत्री लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ अनिल सिंह बीरू के निज निवास षसिकरवार हाउसष पर राजकीय महाविद्यालय एवं सीएसएन पीजी कॉलेज के छात्रसंघ पदाधिकारियोंध्छात्र नेताओं द्वारा छात्रसंघ के पूर्व महामंत्री स्मृतिशेष जर्रार हुसैन व छात्रनेता स्मृतिशेष श्री सुशील त्रिपाठी, स्मृतिशेष श्री अजय पांडे जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

उक्त अवसर पर छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा बसंतू,जितेंद्र सिंह जीतू,पारुल दीक्षित ने दिवंगत छात्र नेताओं को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि तीनों छात्र नेताओं का संपूर्ण जीवन छात्र हितो की समस्याओं के संघर्ष को लेकर बीता ,उनका इस तरह हम सभी को छोड़कर चले जाना हम सभी के लिए अपूरणीय क्षति है।

पूर्व उपमंत्री मिल्खे राम, पूर्व महामंत्री अरुण शुक्ला पूर्व उपाध्यक्ष, माया प्रकाश मिश्रा व सर्वेश पांडे ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हम सबको इन नेताओं के संघर्षों से प्रेरणा लेते हुए छात्रहित में सामूहिक रूप से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर छात्र हितो के मुद्दों पर एक साथ खड़ा होना चाहिए।

उक्त अवसर पर पूर्व महामंत्री अनिल सिंह बीरू जी ने समस्त छात्रसंघ पदाधिकारियोंध छात्रनेताओं का आभार व्यक्त करते हुए सभी से आग्रह करते हुए कहा कि अपने इन दिवंगत छात्र नेताओं के अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए हम सब को एकजुट होकर संघर्ष करना चाहिए, जिससे वर्तमान छात्रों के हितोध्अधिकारों का उत्पीड़न किया जा रहा है, के लिए जज्बा पैदा हो सके और वह अपने हक की लड़ाई लड़ सके। समय–समय पर छात्र हित के मुद्दों पर छात्रों के साथ खड़े होकर उनका मनोबल बढ़ाने का कार्य हम सभी को मिलकर करना चाहिए, यही हम सब की ओर से दिवंगत नेताओं को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर दिवंगत छात्र नेताओं के पारिवारिक सदस्यों में घ्तुराज त्रिपाठी, देशराज त्रिपाठी, कृष्ण कुमार त्रिपाठी,संजय पांडे,पुतान पांडे,श्रेयांश पांडे,जमाल हुसैन,कर्रार हुसैन द्वारा पुष्प अर्पित कर अश्रु पूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

उक्त अवसर पर पूर्व अध्यक्ष अंबुज शुक्ला,राजीव सिंह सिंपल,विनय वर्मा,अनुज प्रताप सिंहष विकासष,पदम सिंह चंदेल,पूर्व महामंत्री श्रीचंद्र, विशाल दीक्षित,अरुण शुक्ला,राजू गुप्ता प्रभात शुक्ला,रविंद्र मिश्रा गुड्डन, उत्तम श्रीवास्तव,कमलेश सिंह पप्पू,शिव कुमार सिंह शेरा,उदित प्रताप सिंह,पवन जैन,पवन सिंह,रविंद्र सिंह गांधी,रजनीकांत त्रिवेदी पूर्व उपाध्यक्ष एडवोकेट, सुरेश पाल वर्मा,हर्षवर्धन सिंह,राजपाल सिंह गौर, संजय गुप्ता,पुष्प मिश्रा,प्रदीप अवस्थी, ।रविंद्र दीक्षित,वीरेश शुक्ला,श्याम शरण गुप्ता,अभिषेक दीक्षित पूर्व उपमंत्री विनय सिंह गौर,अमित त्रिपाठी,विनय श्रीवास्तव,गिरीश चंद्र मिश्रा,के के दीक्षित,कृष्ण कुमार किशन,मोहम्मद अदनान, छात्रनेता छात्र मनोज सिंह बबलू,राजीव रंजन मिश्रा,पीयूष गुप्ता अखिल,समीर गुप्ता,देश दीपक दीक्षित,राजीव दीक्षित राजू,अमित बाजपेई,तेजपाल सिंह तेजा,शैलेंद्र त्रिवेदी,रेखा वर्मा,विनीत द्विवेदी,प्रदीप कुमार सिंह,अनुपम मिश्रा,सुशांत सिंह,आशीष अवस्थी आशूरियासत खान,आप और हम मंच युवा विंग के जिला अध्यक्ष विकास पाठक पिंटू आदि उपस्थित रहे।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने किया महापुरुषों एवं घाट पर लगी मूर्तियों की साफ सफाई

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। चेयरमैन श्याम बिहारी जयसवाल ने सभासद



जनों की टोली के साथ नगर पालिका बाजार सिद्धार्थनगर के तिराहे पर लगे स्वामी विवेकानंद सिद्धार्थ सुभाष चंद्र बोस की मूर्तियों की साफ सफाई के साथ–साथ घाट पर लगी चित्रगुप्त महाराज भोलेनाथ की ध्यान मुद्रा एवं आशीर्वाद मुद्रा की मूर्तियों को साफ सफाई की। यह कार्यक्रम मोदी जी के जन्मोत्सव के अंतर्गत सेवा पखवाड़ा के तत्वाधान के तहत नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के द्वारा किया गया है। इस कार्यक्रम में सभासद में शिव कुमार, सरवन श्रीवास्तव, प्रमोद, विजय कुमार कसौधन के साथ–साथ अजहर, गिरजापति, बृजेश, अभिलाष जयसवाल अमित आदि गणमान्य उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता जनप्रतिनिधियों के माध्यम से तथा सेवा के तौर पर जन–जन तक एक संदेश देना की नगर मे राष्ट्रवाद के साथ सेवा की भावना बनी रहे, सफाई के प्रति लोग जागरूक रहें तथा महापुरुषों के प्रति आस्था परिलक्षित होती रहे।

## आदिवासी अंचलों के बच्चो को उनके विधिक अधिकारों के बारे में बताकर किया गया जागरूक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के



तत्वाधान में मा.जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष अशोक कुमार यादव प्रथम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन पर जिले के चतरा ब्लॉक के आदिवासी इंटर मीडिएट कॉलेज सिल्थम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विनय कुमार सिंह के द्वारा आदिवासी अंचलो से आये बच्चो को विधिक साक्षरता शिविर लगाकर इंटरनेटध्मोबाइल के दुष्प्रभाव के साथ उनके विधिक अधिकारों के बारे में बताकर जागरूक किया गया। वही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विनय कुमार सिंह ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाई जा रही है महत्वपूर्ण योजना के बारे जानकारी दी गयी ।साथ ही कहा कि व्यक्ति, समाज व राष्ट्र निर्माण का सबसे मजबूत आधार शिक्षा ही है। क्योकि शिक्षित समाज से राष्ट्र निर्माण सम्भव हो सकता है। जो समय आज निकल गया वह समय जीवन मे दोबारा कभी नही आने वाला है इसलिए समय का सदुपयोग करे। वही जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि विद्यालय वह मंदिर है जहा से सभ्य और शिक्षित समाज की स्थापना होती है ।अंत मे प्रधानाचार्य हरिशंकर मिश्रा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए बोले कि आदिवासी बच्चो के शिक्षा के प्रति अलख जगाने में संकल्पित है। इस मौके पर प्रबंधक आत्मानन्द मिश्रा, थाना प्रभारी रामपुर बरकोनिया अरविंद कुमार गुप्ता, पैरालीगल वलिटीयर्स राजन चौबे, मुन्ना धांगर अध्यक्ष, आदिवासी इंटर कॉलेज ,ग्राम प्रधान सुनील यादव, सैकड़ो बच्चे सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## छड़ सीमेंट की दुकान में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। थाना क्षेत्र उसका बाजार के भिटिया



गांव में शुक्रवार को छड़ सीमेंट की दुकान में चोरी हो गई उसके बाद पुलिस जांच में जुट गई और कल दिन रविवार को पुलिस सक्रिय होकर चोरी करने वाले अभियुक्त को पुराना पेट्रोल पंप महुआ उसका बाजार से गिरफ्तार कर ली वही थाना अध्यक्ष राजेश तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि अभियुक्त के पास से ट्यूबल पंप,मोटर और एक धारदार चाकू मिले है और अभियुक्त के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है और दोनो अभियुक्त पहले से ही चोरी की घटनाओं का अंजाम दे चुके है दोनो अभियुक्त मदनपुर गांव और भिटिया थाना उसका बाजार के निवासी है और दोनो अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है।

## सोनांचल बार एसोसिएशन का चल रहा कलम बंद हड़ताल 15दिन के लिए स्थगित

दैनिक बुद्ध का संदेश

ओबरा/सोनभद्र। सोनांचल बार एसोसिएशन ओबरा के अध्यक्ष रमेश कुमार मिश्रा व महामंत्री अनिल मिश्रा के नेतृत्व में चल रहा कलम बंद हड़ताल तहसीलदार ओबरा एवं नायब तहसीलदार ओबरा की मौजूदगी में उप जिलाधिकारी ओबरा के लिखित आश्वासन के बाद 15 दिन के लिए स्थगित करने की घोषणा एसोसिएशन के समस्त सदस्यों की सलाह से अध्यक्ष रमेश मिश्रा के द्वारा की गई 7 सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम ओबरा को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं महामंत्री के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने सौंपा। सोनांचल बार एसोसिएशन के सभागार में उप जिलाधिकारी ओबरा एवं तहसीलदार ओबरा ने संयुक्त बयान में कहा गया कि एसोसिएशन द्वारा प्राप्त 7 सूत्रीय मांग पत्र पर



1 सप्ताह के अंदर निराकरण किया जाएगा इस का लिखित आश्वासन बार एसोसिएशन को तहसीलदार ओबरा द्वारा दिया गया अंत में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश मिश्रा एवं महामंत्री अनिल मिश्रा ने संयुक्त रूप से कहा कि तहसील प्रशासन यदि 15 दिनों के अंदर हमारी मांगों पर विचार नहीं करता है तो पुनः उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसपर समस्त सदस्यों ने अपनी सहमति व्यक्त किया इस अवसर पर उप जिलाधिकारी ओबरा राजेश कुमार सिंह तहसीलदार ओबरा सुशील कुमार नायब तहसीलदार रजनीश यादव अधिवक्ता उमेश चंद्र शुक्ला, पुष्पराज पाण्डेय, संजीत कुमार चौबे, राजेश गौतम, ब्रह्म कुमार, मनोज पाठक, कपूर चंद पाण्डेय, प्रभाष पाण्डेय ,विनय कनौजिया, हरेंद्र सिंह, अवधेश राय, देवेंद्र जौहरी, रवि पाण्डेय, दिनेश पाण्डेय, बृजेश पाण्डेय, ईश्वर जायसवाल, नीरज सिंह, बुध नारायण जायसवाल, सोनांचल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रमाशंकर सिंह यादव, दिनेश दूबे, अमित उपाध्याय सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

## कीटनाशक दवा विक्रेता के कैश मेमो न देने पर किसान करें शिकायत–संजय कुमार

दैनिक बुद्ध का संदेश

शाहजहाँपुर। जिला कृषि रक्षा अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि प्रायः निरीक्षणध्छापे के दौरान कीटनाशक विक्रेताओं के दुकान ध्फर्म पर कई कमियां प्रकाश में आती है। कीटनाशक विक्रेताओं द्वारा कृषकों को कीटनाशी रसायन विक्रय के समय कैश मैमोध क्रेडिट मैमोध्पक्की रसीद जारी किया जाना अनिवार्य है, जिसमें कीटनाशी रसायन का नाम, बैच संख्या, निर्माण तिथि , अवसान तिथि एवं विक्रय मूल्य अंकित हो, अवश्य ही उपलब्ध करायें। किसान भाइयों को फसलों में रसायन के प्रयोग के बारे में सही जानकारी उपलब्ध कराना सभी कीटनाशक विक्रेताओं का कर्तव्य है। साथ ही समस्त कीटनाशक विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि, स्टॉक पंजिका, भण्डार पंजिका, रेट बोर्ड, बिक्री रजिस्टर एवं कैश मैमो पूर्ण कर अपने दुकान पर रखें। जिससे निरीक्षण के दौरान उसको देखा जा सके। तथा सभी किसान भाईयों से अनुरोध है कि किसी भी कीटनाशक रसायन की खरीद पर कैश मैमों अवश्य दुकानदार से प्राप्त करें। तथा कैश मैमो न देने पर विकास भवन स्थित कार्यालय जिला कृषि रक्षा अधिकारी से सम्पर्क करें। उन्होंने जनपद के समस्त कीटनाशक विक्रेताओं को निर्देशित करते हुये कहा है कि, कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं कीटनाशक नियमावली 1971 के नियम निर्देशों का पालन करते हुए ही व्यापार करें। अन्यथा की दशा में निरीक्षण के दौरान कमियां पाये जाने पर आपके विरूद्ध कार्यवाही भी की जायेगी। जिसके लिये विक्रेता स्वयं जिम्मेदार होंगें। इसके उपरान्त भी अगर निरीक्षणध्जांच के दौरान कोई प्रकरण प्रकाश में आता है तो, उसके विरूद्ध कीटनाशक अधिनियम के अन्तर्गत कीटनाशी लाइसेंस निलम्बनधनिरस्त करते हुये आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। साथ ही रसायनों को सीज कर मुकदमें की कार्यवाही की जायेगी, जिसके लिए सम्बन्धित विक्रेता स्वयं जिम्मेदार होंगें। इसके साथ ही उन्होने यह भी निर्देशित किया है कि, समस्त कीटनाशी विक्रेता प्रारूप अनुसार सूचना अपने प्रतिष्ठान के लाइसेंस के साथ–साथ अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करेंगें।

## नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार हुए सम्मानित

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। घोरावल नगर पंचायत अध्यक्ष स्वजाति रत्न सम्मान



से सम्मानित किए गए। रविवार को कानपुर में उमर वैश्य महासभा का छठवा अधिवेशन आयोजन किया गया था। जिसमें महासभा द्वारा घोरावल नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार उमर को महा सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कपिल मुनि गुप्ता, राष्ट्रीय महामंत्री श्यामधर एडवोकेट, मुख्य अतिथि सियाराम गुप्त द्वारा स्व जाति रत्न अलंकरण से सम्मानित किया गया।, जिससे पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा। गौरतलब है कि कानपुर में 18 सितंबर को उमर वैश्य महासभा का छठवां अधिवेशन आयोजित किया गया था। जिसमें पूरे देश से समाज के प्रतिनिधि उपस्थित हुए थे। महासभा द्वारा घोरावल नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार को स्वजाति रत्न अलंकरण से सम्मानित किया गया, उन्हें अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। कानपुर में घोरावल से पहुंचे क्षेत्रीय समिति अध्यक्ष अशोक कुमार, पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार किसानु, एवं दी घोरावल तहसील बार के पूर्व अध्यक्ष प्रयाग दास एडवोकेट को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। नगर पंचायत घोरावल अध्यक्ष राजेश कुमार को स्वजाति रत्न से सम्मानित किए जाने पर ओमर उमर वैश्य क्षेत्रीय समिति घोरावल के अध्यक्ष अशोक कुमार, महामंत्री नंदलाल उमर, ओमर उमर वैश्य महासभा राष्ट्रीय महामंत्री राकेश कुमार उमर, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य अमरेश चन्द्र युवजन संघ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शनि शंकर, कृपाशंकर, सभासद धीरज कुमार, रमेश कुमार, दीपक कुमार, घोरावल व्यापार मंडल अध्यक्ष घनश्याम दास केडिया, कपूरचंद बलिराम उमर ने स्वागत कर हर्ष व्यक्त किया है।

## एंबुलेंस में ही हुआ स्वस्थ बच्चा



दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका/सिद्धार्थनगर। सामुदायिक स्वास्थ केंद्र उसका बाजार में एक गर्भवती महिला एंबुलेंस से आ रही थी और एंबुलेंस में ही डिलवेरी हो गया गर्भवती महिला का नाम अप्सना पत्नी अतिउल्लाह सिसहनिया में रहने वाली महिला स्वस्थ बच्चा पाकर काफी खुश हुई और वही एमटी नीरज कुमार पायलट जितेंद्र जायसवाल ने महिला को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र उसका बाजार में भर्ती कराया गया और वहा के मौजूद लोगो ने प्रसंशा की है।

## पंचायत सहायकों ने चुनाव के लिये तैयारियां की तेज

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सदर विकास खंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम



पंचायत धौरीकुइयां के पंचायत भवन पर सदर विकास खंड नौगढ़ के पंचायत सहायकों की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में पंचायत सहायकों द्वारा विभिन्न ब्लाकों जैसे उसका, सोहरतगढ़ आदि ब्लाकों में पंचायत सहायाकों का संगठन बन चुका है इसी प्रकार नौगढ ब्लाक में भी पंचायत सहायको का संगठन होना जरूरी है जिसके माध्यम से संगठन की गतिविधियां सुचारू रूप से चल सके। तथा सदर विकास खंड नौगढ़ के पंचायत सहायकों ने चुनाव का प्रस्ताव सभी पंचायत सहायकों के सामने रखा है तथा सभी पंचायत सहायको ने अपनी सहमति दी है अध्यक्ष पद हेतु जितेन्द् तथा उपाध्यक्ष पद हेतु अभिनव, महामंत्री पद हेतु शिवा वर्मा मीडिया प्रभारी गोविन्द, कोशा अध्यक्ष पद हेतु शीतल ने अपनी दावेदारी पेश की है।

# डूब रहे पिता को बचाने पहुंची बेटी, दोनों की मौत

भाटपाररानी। खामपार थाना क्षेत्र के ग्राम परसिया छितनी सिंह में दोपहर में स्याही नदी में भैंस को नहलाते समय पिता को डूबते देखकर पुत्री ने बचाने के लिए नदी में छलांग लगा दी। कुछ ही पल में दोनों को डूबते देखकर अन्य एक बेटी नदी में कूद पड़ी, लेकिन पिता और एक बेटी की डूबने से मौत हो गई। जबकि दूसरी बेटी को डूबते देखकर ग्रामीणों ने बचाकर बाहर निकाला। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। ग्राम परसिया छितनी सिंह निवासी द्वारिका कुशवाहा का घोठा गांव से बाहर स्याही नदी के किनारे है। हर रोज की तरह द्वारिका अपनी भैंस नहलाने के लिए स्याही नदी में ले गए। भैंस धोते समय अचानक जेसीबी द्वारा खोदकर निकाली गई मिट्टी के कारण गहरे गड्ढे में चली गई। भैंस को घेरते समय द्वारिका डूबने लगे। यह देखकर उनकी शादीशुदा बेटी अमलावती जो घोठे पर खड़ी थी नदी में उतर गई और वह भी डूबने लगी। यह देखकर अन्य एक बेटी कलावती शोर करते हुए बचाने के लिए नदी में पहुंच गई और वह भी डूबने लगी। शोर सुनकर ग्रामीण इकट्ठा हो गए और डूब रही कलावती (25) को बाहर निकाले तथा डूबे द्वारिका (60) और अमलावती (30) को ढूंढने लगे। थोड़ी देर बाद ग्रामीणों ने दोनों को बाहर निकाला और प्राइवेट चिकित्सक के यहां ले गए, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। घटनास्थल पर पहुंचे एसआई अविनाश मौर्य ने बताया कि नदी में डूबने दो की मौत हो गई है। एक को बचा लिया गया है।

# नहाने के दौरान मझना नाला में डूबा किशोर

रुद्रपुर। मझना नाला में नहाने के दौरान एक किशोर डूब गया। करीब तीन घंटे की तलाशी के बाद भी उसका पता नहीं चल पाया। वह ..... दोपहर उफनाए नाले में नहा रहा था कि तेज बहाव में डूब गया। क्षेत्र के शिवपुर पड़रही गांव के करिहवां टोला निवासी राहुल निषाद (17) पुत्र रामभरोसा निषाद दोपहर करीब 12 बजे करिहवां पुल के पास मझना नाले में नहा रहा था। नहाते समय वह पानी के तेज बहाव में आ गया और डूबने लगा। युवक को डूबते देख साथ नहा रहे युवकों ने शोर मचाया। इस बीच राहुल नदी की तेज धारा में डूब गया। सूचना मिलते ही मौके पर एसडीएम ध्रुव शुक्ला, सीओ जिलाजीत डूबे युवक की तलाश कराने लगे। स्थानीय गोताखोर डूबे किशोर की तलाश में जुटे रहे। उसके डूबने की खबर से घर में चीख–पुकार मच गई। इकलौते बेटे के डूबने की खबर सुनकर मां चानमती रोते हुए नदी घाट के किनारे पहुंच गई। पिता रामभरोसा विदेश में रहते हैं।

# दोस्तों के साथ स्नान करने गए छात्र की डूबने से मौत

गौरीबाजार। क्षेत्र के पिपराधन्नी गांव के लड़कों के साथ गांव के समीप एक तालाब में स्नान करते समय डूबने से इंटर के एक छात्र की मौत हो गई। ग्रामीणों ने शव को निकलवाया। छात्र की मौत से परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है। ग्रामीणों के अनुसार पिपराधन्नी निवासी राजाराम सिंह का पुत्र हरिओम सिंह (17) तीन भाई–बहनों में दूसरे नंबर का था। वह स्थानीय इंटर कॉलेज में इंटर का छात्र था। पिता खेती करते हैं। दोपहर में हरिओम अपने चचेरे भाई सन्नी तथा गांव के छह लड़कों के साथ गांव से पश्चिम एक तालाब में स्नान करने गया था। इस दौरान अचानक पैर फिसलने से हरिओम गहरे पानी में चला गया। गांव के लड़कों ने उसे बचाने का भरपूर प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हो सके। तालाब में स्नान कर रहे बच्चों ने ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उसे तालाब से बाहर निकाला। तब तक देर हो चुकी थी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। उसकी मौत की सूचना मिलते ही मां मीना देवी, बहन पूजा बेहोश होकर गिर पड़ीं। पिता राजाराम सिंह सहित अन्य परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक विपिन मलिक ने बताया कि तालाब में डूबने से किशोर की मौत हो गई है।

# कुर्ना नाले में स्नान करने गईं दो सगी बहनें डूबी, एक की मौत

देसही देवरिया। दादी के साथ जीवित्पुत्रिका व्रत पर कुर्ना नाले में स्नान के दौरान . शाम को दो सगी बहनें डूब गईं। डूब रहीं आठ और महिलाओं को किसी तरह बचा लिया गया। एक का शव मिल गया। जबकि दूसरी बहन की तलाश जारी है। महुआडीह थानाक्षेत्र के बरनई गांव के दक्षिण कुर्ना नाला है। देर शाम गांव की महिलाएं जिउतिया पर्व पर उसमें स्नान करने गई थीं। स्नान के दौरान फिसलकर आठ महिलाएं गहरे पानी में चली गईं। वे डूबने लगीं। बाहर खड़ी महिलाओं ने किसी तरह छह महिलाओं को बाहर निकाल लिया। लालमन यादव की मां के साथ गईं दो सगी बहनें डूब गईं। काफी मशक्कत के बाद गांव वालों ने बड़ी बहन अंशिका (12) को बाहर निकाला। उसे जिला अस्पताल ले पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। डूबी दूसरी बहन राधा (10) की देर रात तक पुलिस ने तलाश की। लेकिन उसका पता नहीं चल सका। इस बात की जानकारी मिलते ही सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई की। वहीं, अंशिका की मौत और राधा के डूबने की खबर मिलते ही घर में हड़कंप मच गया। गांव में मातम छा गया। अंशिका तीन बहनों में सबसे बड़ी थी। उसकी मौत से पिता लालमन यादव, माता अनिता देवी, छोटी बहन छोटी (7), सबसे छोटे भाई अंकुश (4) का रो–रोकर बुरा हाल है। एसओ डॉ. महेंद्र कुमार ने बताया कि एक का शव मिल गया है। दूसरे की तलाश की जा रही है।

# तोड़ते रहे यातायात नियम, भरते रहे जुर्माना

महराजगंज। सड़क सुरक्षा और यातायात के नियमों का पालन करने के प्रति जनपद के लोग अधिक गंभीर नहीं दिखते हैं। यही वजह है कि हर माह लोग नियमों को तोड़ते रहे और जुर्माना भरते रहे। जनवरी से अगस्त माह तक नियमों को तोड़ने पर लोगों ने 33 लाख 90 हजार रुपये जुर्माना भरा है। सबसे ज्यादा वाहनों के चालान (7,210) जून में माह हुए हैं। सड़क पर वाहन चलाने के दौरान मोबाइल पर बात करना आम बात होती जा रही है, जबकि इस वजह से अधिक दुर्घटना होती है। यातायात पुलिस ने सख्ती की तो मोबाइल पर बात करने की वजह से आठ माह में 230 वाहन चालकों का चालान हुआ। हेलमेट पहनने के लिए भी लोगों को जागरूक किया जाता है, लेकिन इसके प्रति भी खास गंभीरता नहीं दिखती है। जबकि हेलमेट पहने से जीवन भी सुरक्षित रहता है। जनवरी से अगस्त माह तक 15,770 चालान बिना हेलमेट वाहन चलाने पर किया गया है। नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने पर 6408 वाहनों का चालान किया गया। 1792 लोगों का चालान सीट बेल्ट नहीं लगाने के कारण किया गया है। यातायात पुलिस की कार्रवाई हर माह तेज हुई, लेकिन नियमों का उल्लंघन करने वालों की संख्या कभी कम तो कभी अधिक दर्ज की गई।

# अंडर–19 चौलेंजर ट्रॉफी में खेलेंगे सर्वेश

देवरिया। जनपद के क्रिकेटर सर्वेश राजभर का चयन अंडर–19 चौलेंजर ट्रॉफी के लिए यूपी टीम में हुआ है। जिला एवं जोन स्तर पर आयोजित मैचों में इस राइट हैंड बल्लेबाज ने बेहतर स्कोर करते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई और इसका इनाम उन्हें इस रूप में मिला है। इस प्रतियोगिता का आयोजन 19 से 21 सितंबर तक नोएडा में होगा।

जिला अस्पताल में तैनात वार्ड ब्वॉय राजेश राजभर निवासी ग्राम रामपुर लाला बरनई, बैतालपुर के पुत्र सर्वेश ने वर्ष 2011 से स्पोर्ट्स स्टेडियम में क्रिकेट का ककहरा सीखना शुरू किया। वर्तमान में वह भुजौली कॉलोनी स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी क्रिकेट ग्राउंड पर प्रशिक्षण ले रहे हैं। धीरे–धीरे ही सही अब वह सफलता की राह चढ़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से इस सत्र में आयोजित होने वाले अंडर–19 चौलेंजर ट्रॉफी के लिए चार माह पहले उन्होंने इसमें प्रतिभाग के लिए आवेदन किया था। इंटर डिस्ट्रिक्ट के दो मैचों में 46, 36, डिस्ट्रिक्टके दो मैच में 37, 56, जोन के मैच में 52 रन का स्कोर करने के बाद उनका चयन कमला क्लब कानपुर में 210 खिलाड़ियों में हुआ। यहां यो–यो टेस्ट के बाद कुल 102 खिलाड़ी चुने गए। इन खिलाड़ियों के बीच हुए मैच के आधार पर सर्वेश ने 82 नाबाद, पांच, 50, 50 नाबाद का स्कोर बनाया और उनका चयन 60 खिलाड़ियों में हुआ। इस उपलब्धि पर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन उपाध्याय, सचिव आईपी मिश्रा, संयुक्त सचिव संजय मिश्रा, सीनियर खिलाड़ी राधेश्याम शुक्ला, अतुल वर्मा, राहुल तिवारी, रामेश्वर प्रजापति, विनय गुप्ता आदि ने उन्हें बधाई दी। आने वाले दिनों में सर्वेश जिले का बढ़ाएंगे मानः उनके प्रशिक्षक नीरज वाजपेयी ने बताया कि अंडर–23 चौलेंजर ट्रॉफी के लिए यूपी से 60 लड़कों का चयन किया गया है। अब इनमें से चार टीमें बनेंगी जो आपस में मैच खेलेंगी। हर खिलाड़ी को तीन मैचों में अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। चौलेंजर ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करने पर यूपी की 20 सदस्यीय फाइनल टीम बनेगी जो बीसीसीआई की ओर से आयोजित अंडर–19 चौलेंजर ट्रॉफी में खेलेंगी। सर्वेश ने जिला, जोन स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर चयनित होकर अपनी प्रतिभा साबित की है। आगे के मैचों में भी वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे और जिले का मान बढ़ाएंगे।

# शहर से लेकर गांव तक सड़कों पर जल ही जल

महराजगंज। जिले में बारिश की वजह से शहर से लेकर गांव तक की सड़कों पर पानी भर गया है। इस कारण लोगों को आने–जाने में समस्या हो रही है। सुबह हल्की बारिश हुई, इसके बाद नहीं हुई। कलेक्ट्रेट परिसर में तमाम जगहों पर पानी भरा है। बीते 24 घंटे में जिले में 55 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। शहर में कोतवाली परिसर, दुर्गा मंदिर से आगे सड़क के किनारे सब्जी की दुकान लगवाने वालों की दुश्वारियां बढ़ गई हैं। नाली ओवरफ्लो होने के कारण सड़क के किनारे पानी भर गया है। इस कारण दुकानें नहीं लग पा रही हैं। ग्राम पंचायत लेदवां से महराजगंज–निचलौल जाने वाली सड़क पर दो फीट तक पानी भर गया है। इससे लोगों को आने–जाने में काफी दिक्कत हो रही है। मिठौरा क्षेत्र के ग्राम सभा सिंदुरिया और पतरेंगवा के टोला शीतलापुर स्थित एएनएम सेंटर के बाहर पानी भर गया है।

परसा मलिक क्षेत्र के सीमावर्ती रेहरा गांव से होकर बहने वाला बघेला नाला उफन रहा है। इससे आसपास के खेतों की धान की फसल डूब गई है। बघेला नाले का पानी रेहरा, महुलानी, बेलभार, मनिकौरा, विषखोप, परसा, भरटोलिया गांवों के सिवान में बढ़ने लगा है। किसान महबूब अली, रामअवध मौर्य, दयाराम यादव, मोईन खान ने बताया कि खेतों में जलभराव हो गया है। इससे फसल को नुकसान हो सकता है। **खेत में भरा पानी, किसान परेशानः पनियरा।** रोहिन नदी के जर्दी डोमरा बांध पर लक्ष्मीपुर गांव के लठिअहवा टोले के पास रेगुलेटर से नदी का पानी खेतों में आने से किसान चिंतित हो गए हैं। क्षेत्र के सुरेश यादव, अर्जुन सहानी, बिल्ला, मनोज, रामकेश, इंद्रदेव पांडेय, सनोज आदि ने कहा कि अधिक दिनों तक खेतों में जलभराव रहा तो फसल खराब हो जाएगी। सिंचाई विभाग के अवर अभियंता सुग्रीव मल्ल का कहना है कि आठ श्रमिकों को लगाकर बोरी में मिट्टी भरवाकर रेगुलेटर से निकल रहे पानी रोकने के लिए प्रयास किया गया है। बांध की सुरक्षा पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है।

# भाजपा ने गरीबों को दी स्वास्थ्य सुविधा : सांसद

देवरिया। भाजपा के सेवा पखवाड़ा के तहत सभी ब्लॉकों में शिविर लगा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण किया गया। शहर के चकियवां ढाले के पास स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ सदर सांसद डॉ. रमापतिराम त्रिपाठी ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा से समाज की चिंता करती है। प्रधानमंत्री के जन्मदिन से गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा के रूप में भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से समाज के हित में कई आयोजन किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने गरीबों के अच्छे इलाज की चिंता की और देश में कई नए एम्स तथा मेडिकल कॉलेज खोलने का काम किया। गरीबों को मुफ्त इलाज आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मिल रहा है। भारतीय जनऔषधि केंद्रों को खोल सस्ती दर पर गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने का काम किया जा रहा है। इस दौरान नगर अध्यक्ष संजय पांडेय, मीडिया प्रभारी अंबिकेश पांडेय, अनिल गुप्ता, डॉ. राधेश्याम शुक्ला, विजय पटेल, अखिलेश मिश्र, मिथिलेश मिश्र, अतुल पासवान नन्हे आदि मौजूद रहे।

## प्रमुख प्रतिनिधि ने मरीजों में बांटे फल

लार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर चल रहे तीन दिवसीय प्रदर्शनी पखवाड़ा के पहले दिन प्रमुख प्रतिनिधि अमित सिंह बबलू ने सीएचसी लार में भर्ती मरीजों व प्रसूताओं के बीच फल वितरित किया।

## भाजपा सरकार के लिए जनता की सेवा ही धर्मः जयप्रकाश

रुद्रपुर। भाजपा सरकार जनता की सेवा को केंद्र में रख कर काम कर रही है। राजनीति में सेवा को धर्म मान कर देश को आगे बढ़ाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। ये बातें क्षेत्रीय विधायक जयप्रकाश निषाद ने सीएचसी पर आयोजित चिकित्सा शिविर के उद्घाटन के दौरान कहीं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की बाल्यावस्था से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक विशाल फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सा शिविर में करीब सौ मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर इलाज किया गया। इस दौरान महेश मणि, दिलीप जायसवाल, मनीष गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, सुशीलचंद, रुद्रनाथ मिश्र, मदन उपाध्याय, जयबहादुर गौतम, गिरीश सिंह, कमलेश सिंह आदि मौजूद रहे। संवाद

## स्वास्थ्य मेले का आयोजन

रामपुर बुजुर्ग/बनकटा। बनकटा विकास खंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर .प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन बनकटा प्रमुख बिंदा सिंह कुशवाहा ने फीता काटकर किया। कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी हम सभी के प्रेरणास्रोत और सर्वप्रिय नेता हैं। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हृदयालाल शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र पांडेय, गुड्डू गोस्वामी, बादल, प्रेमसागर कुशवाहा, विजय सिंह, अशोक पटेल, रवींद्र कुमार बारी आदि मौजूद रहे।

## प्रदर्शनी से आमजन को प्रधानमंत्री के बारे में नजदीक से जानने व समझने का मौका मिलेगा–गुड्डू खान

दैनिक बुद्ध का संदेश

नौतनवां/महराजगंज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से प्रारम्भ हुए सेवा पखवाड़ा के तहत आज नौतनवा नगर पालिका कार्यालय में प्रधानमंत्री के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर आधारित नमो प्रदर्शनी लगाई गई जिसका उद्दघाटन नौतनवा नगर पालिका अध्यक्ष 'गुड्डू खान' ने रिवन काटकर किया। इस अवसर पर 'पालिका अध्यक्ष' ने बताया कि ष्प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री के जीवन से जुड़ी घटनाओं साथ ही सरकार की योजनाओं व नीतियों को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है इससे आमजन को अपने विश्व पटल पर चमकने वाले यशस्वी प्रधानमंत्री के बारे में नजदीक से जानने व समझने का मौका मिलेगा। इस अवसर पर पालिका के अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सरोज, सभासद भानू कुमार, रामबृक्ष, किसमती देवी, मो0 शकील, राधेश्याम मौर्या, गुड्डू अन्सारी, सुनील जाय0, रोहित चौहान, संजय मौर्या, अशोक रैनियार, विशाल जाय0, शाहनवाज खान, अनुज राय के अलावा जगदीश मद्धेशिया, वसीम शेख, वीरेन्द्र सारन, वीरेन्द्र शर्मा, दिनेश कौशल, संदीप रैनियार, असगर अली, हनुमान यादव आदि लोग उपस्थित रहे।








# गंभीर रूप से झुलसे व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

पनियरा(महराजगंज)। थाना क्षेत्र की ग्रामसभा रामनगर टोला हुड़री निवासी बालेदीन निषाद ने पत्नी से नाराज होकर बृहस्पतिवार को अपने शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ गिराकर लाग लगा ली थी। उन्हें गंभीर अवस्था में मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। ग्रामसभा रामनगर टोला हुड़री निवासी बालेदीन निषाद (57) की बृहस्पतिवार को पत्नी सोनबरसी देवी से कहासुनी हो गई थी। इसके बाद बालेदीन ने पत्नी की पिटाई कर दी थी। नाराज होकर पत्नी शुक्रवार को मायके चली गई। शाम बालेदीन मुजुरी बाजार चौराहा से नशा करके अपने घर आया। पत्नी को आवाज देकर बुलाने लगा। पत्नी के नहीं मिलने पर वह घर के अंदर गया और शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ गिराकर आग लगा ली। चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन और आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। गंभीर अवस्था में परिजन उसे पीएचसी पनियरा ले गए। चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। उधर, मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि बालेदिन निषाद की इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई है।

## घर में वृद्ध को बंधक बनाकर 55 हजार की लूट

बृजमनगंज(महराजगंज)। थाना क्षेत्र के ग्राम सभा कवलपुर टोला शंभूपूर कुकुरहवा निवासी एक व्यक्ति के घर में घुसकर 55 हजार नकदी समेत अनाज आदि की लूट का मामला प्रकाश में आया है। घटना की जानकारी होते ही पुलिस छानबीन में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार, बीते रात थाना क्षेत्र बृजमनगंज के ग्राम सभा कवलपुर टोला शंभूपूर कुकुरहवा निवासी बशीर के घर में छत के रास्ते कुछ अज्ञात लोग अंदर घुस गए। घर के अंदर सो रहे बशीर को सभी ने बंधक बनाकर 55 हजार नकदी समेत अनाज आदि उठा ले गए। घटना की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंची। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# 30,294 पेंशनरों को आधार सत्यापन लंबित, बढ़ेगी समस्या

महराजगंज। जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के 30,294 बुजुर्ग पेंशनरों का आधार सत्यापन नहीं हो सका है। सत्यापन के लिए 30 सितंबर तक की तिथि निर्धारित की गई है। यदि समय से सत्यापन नहीं किया गया तो पेंशनरों को अगली किस्त नहीं मिल पाएगी। जिले में कुल 96,614 बुजुर्गों को पेंशन दी जाती है। इनमें 94,705 ग्रामीण क्षेत्र के और 1,909 शहरी क्षेत्र के पेंशनर हैं। इन पेंशनरों को पेंशन की धनराशि सामान्य रूप में प्राप्त करने के लिए अपने आधार को सितंबर माह के अंत तक सत्यापित कराने का निर्देश दिया गया है। अभी तक 66,320 पेंशनरों ने अपने आधार का सत्यापन कराया है। 30,294 पेंशनरों को ब्लॉक व तहसील स्तर से सत्यापन कराने के लिए विशेष कवायद करनी होगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी शंकरलाल ने बताया कि सत्यापन न कराने वाले पेंशनर अनिवार्य रूप से 30 सितंबर तक सत्यापन करा लें, अन्यथा उनकी पेंशन रुक सकती है।

## बाइक की चपेट में आने से एक व्यक्तिकी मौत

घुघली। क्षेत्र के भुवनी चौराहे पर रात आठ बजे साइकिल से जा रहा एक व्यक्ति बाइक की चपेट में आने से घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। बाइक सवार को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रात आठ बजे थाना क्षेत्र के चौनपुर निवासी राम अवतार सिंह (64) साइकिल से भुवानी से घर लौट रहे थे। भुवनी चौराहे पर वह एक बाइक की चपेट में आ गए, जिससे दोनों लोग घायल हो गए। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां साइकिल सवार राम अवतार को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बाइक सवार जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## प्रत्येक सप्ताह कस्तूरबा की जांच करेंगे बीईओ, देंगे रिपोर्ट

महराजगंज। बेसिक शिक्षा विभाग ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की हकीकत को जांचने के लिए सभी ब्लॉकों में तैनात खंड शिक्षा अधिकारी को कस्तूरबा का नोडल अधिकारी बनाया है। वे प्रति सप्ताह विद्यालयों की जांच करेंगे और अपनी रिपोर्ट में जांच में मिले बिंदुओं को दर्शाने का कार्य करेंगे। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जिले के निचलौल ब्लॉक में दो तथा शेष 11 ब्लॉक में एक–एक कस्तूरबा विद्यालय संचालित होते हैं। विभाग की ओर से अब प्रत्येक सप्ताह विद्यालयों की जांच कराते हुए वहां की हकीकत को जांचने की व्यवस्था बनाई गई है। सभी खंड शिक्षा अधिकारी संबंधित ब्लॉक के विद्यालयों की जांच करेंगे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व पर लगी प्रदर्शन

लार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन व्यक्तित्व प्रदर्शनी पखवाड़ा के रूप में तीन दिनों तक मनाया जाएगा। इसमें प्रधानमंत्री के बाल्यावस्था से लेकर अब तक की तस्वीरें लगाई गई हैं। पहले दिन सैकड़ों लोगों ने प्रदर्शनी को देखा। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाध्यक्ष अंतर्यामी सिंह व सलेमपुर सांसद रविंद्र कुशवाहा ने डाक बंगले में फीता काट कर किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री की शख्सियत व उनकी लोकप्रियता को देखते हुए 64 देशों ने उनके नाम और तस्वीर के साथ डाक टिकट जारी किया है। कार्यक्रम को संयोजक बलबीर सिंह दादा, प्रमुख प्रतिनिधि अमित सिंह बबलू, मंडल अध्यक्ष कमलेश तिवारी, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष बृजेशधर दुबे ने संबोधित किया। इस दौरान चेयरमैन सरोज यादव, भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष सुधा सिंह, विष्णुकांत तिवारी, अरुण सिंह गुड्डू, रामेश्वर सिंह, पुष्पा देवी, हृदयानंद सिंह, मनीष सिंह बंटी, केडी सिंह, धीरज सिंह आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

**मेरा हाईस्कूल अनुक्रमांक 2911116 वर्ष 2019 का अंकपत्र एवम सह–प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। मोहम्मद साबिर अली पुत्र श्री असगर अली ग्राम सेमरा,पोस्ट भिटपरा ,जिला, सिध्दार्थ नगर**

# भाकपा की नई कौंसिल की बैठक मे जनसमस्याओं को लेकर आंदोलन की बनी रणनीति

**जनपद को सुखा घोषित कर राहत पैकेज देने और अघोषित बिजली कटौती पर रोक लगाने का किया गया मांग**

दैनिक बुद्ध का संदेश

गुरमा/सोनभद्र। सोमवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला कौंसिल सोनभद्र के नवनिर्वाचित नए कौंसिल सदस्यों की बैठक सलखन स्थित फासिल्स पार्क में पार्टी के वरिष्ठ नेता कामरेड बसावन गुप्ता व मजदूर नेता कामरेड सी पी माली जी की संयुक्त अध्यक्षता में संपन्न हुई। जहां पार्टी के अभी हाल में ही सकुशल संपन्न हुए चौदहवें जिला सम्मेलन पर चर्चा किया गया, वहीं पार्टी के नए कौंसिल सदस्यों ने सरकार द्वारा सोनभद्र को अब तक सुखाग्रस्त जनपद न घोषित किए जाने पर चिंता व्यक्त किया। कौंसिल सदस्यों ने बैठक में जोर देते हुए कहा कि देश में बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी से जहां आम नागरिक परेशान है वहीं इस वर्ष औसतन बरसात न होने से जनपद का किसान और खेतिहर मजदूर



भी अपने जीवकोपार्जन को लेकर चिंतित है। बरसात न होने से खेती पर निर्भर रहने वाले लोग अपनी लागत और उत्पादन को लेकर काफी चिंतित और दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। अघोषित बिजली कटौती से और भी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार को तत्काल जनपद सोनभद्र को सुखा घोषित करते हुए लोगों को राहत पैकेज देना चाहिए। सूबे को सर्वाधिक राजस्व और सर्वाधिक बिजली पैदा करने वाले सोनभद्र में समस्याओं का अंबार है। यहां का छात्र, नौजवान, किसान,आदिवासी समुदाय और मेहनतकश अवाम समस्याओं की जटिलताओं में जकड़ा जा रहा है वहीं शासन, प्रशासन विशेष व्यक्ति व विशेष पार्टी का हित साधने में लगा हुआ है और विकास के नाम पर आवंटित धन का बंदरबांट किए जा है। जिसे लेकर पार्टी के लोग चुप नहीं बैठने वाले। लोगों के हक हूकूक के लिए लोगों को लामबंद कर आंदोलन तेज किया जाएगा। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की नई कौंसिल की बैठक में पार्टी के नवनिर्वाचित जिला सचिव कामरेड आर के शर्मा, सह सचिव कामरेड देव कुमार विश्वकर्मा और कामरेड शिव शंकर मिश्रा, कामरेड बूटन प्रसाद, कामरेड हृदय नारायण गुप्ता, कामरेड अमर नाथ बिंद, कामरेड राम सुरत खरवार, कामरेड कन्हैयालाल, कामरेड विरेन्द्र कुमार गोंड, कामरेड दिनेश्वर वर्मा, कामरेड नागेन्द्र कुमार मौर्य, कामरेड अमरनाथ सूर्य, कामरेड बुद्धि राम, कामरेड मनीष कुमार , कामरेड विजय गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक का संचालन पार्टी के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी एडवोकेट अशोक कुमार कन्नौजिया जी ने किया।

# खसरा रजिस्टर के प्रकाशन के लिए व्यापार मंडल ने उठाई आवाज

## जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, कहा–व्यापारियों और शहरवासियों के हितों को लेकर संजीदगी बरती जाए

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने सोनभद्र नगर पालिका क्षेत्र के खसरा रजिस्टर का प्रकाशन अब तक नहीं कराए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई है। इस बारे में जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपने के साथ ही आग्रह किया है कि तत्काल इसका प्रकाशन सुनिश्चित



कराया जाए। शहरवासियों और व्यापारियों के हितों पर पूरी संजीदगी बरतते हुए जिला प्रशासन खसरा रजिस्टर के प्रकाशन के लिए अविलंब प्रभावी कदम उठाए। व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष आनंद प्रताप जायसवाल के नेतृत्व में जिलाधिकारी के नाम संबोधित इस ज्ञापन की प्रति अपर जिलाधिकारी को सौंपी गई। इस दौरान नगर अध्यक्ष आनंद प्रताप जायसवाल के साथ जिला उपाध्यक्ष संजय जायसवाल, युवा व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष रमेश जायसवाल, नगर महामंत्री विजय केसरी, आईटी सेल जिलाध्यक्ष अजय केशरी आदि ने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि खसरा रजिस्टर के प्रकाशन के लिए तत्काल सभी जरूरी पहल सुनिश्चित कराई जाए। व्यापारी नेताओं का कहना था कि पिछले चार वर्ष से नगर का खसरा रजिस्टर गायब है और इस कारण व्यापारियों और शहरवासियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नए खसरा रजिस्टर के प्रकाशन के लिए सर्वे का काम साल भर पहले पूरा कराया जा चुका है लेकिन उसका प्रकाशन अब तक नहीं होने शहरवासियों की परेशानी जस का तस बनी हुई है। खासकर दुकानों, प्रतिष्ठानों, मकानों आदि के सर्वे में दिक्कत आ रही है। भवन–जमीन के नक्शे और उनकी खरीद – बिक्री में बड़ा गतिरोध उत्पन्न हो रहा है। आए दिन नए नए विवाद उत्पन्न हो रहे हैं। खसरा रजिस्टर का प्रकाशन न होने से इनका निबटारा संभव नहीं हो पा रहा है।

# डीएम ने बीएसए कार्यालय का किया औचक निरीक्षण





दैनिक बुद्ध का संदेश

शाहजहांपुर। बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी के आकस्मिक निरीक्षण से हड़कंप मच गया। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने सोमवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में अनाधिकृत रूप से मौजूद रिटायर्ड कर्मचारी अली हसन को पटल पर मौजूद देखकर जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाते हुये चेतावनी दी कि कार्यालय कार्यो में हस्तक्षेप करते पाये जाने पर कार्यवाही की जायेगी। तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को कड़े निर्देश दिये कि कार्यालय में तैनात कार्मिको के अतिरिक्त कोई अन्य व्यक्ति अनाधिकृत रूप से न रहे।उन्होंने यह निर्देश भी दिये कि सभी पटलों पर तैनात कार्मिकों के नाम व पद नाम भी अंकित कराये जायें। कार्यालय में व्याप्त गंदगी एवं अव्यवस्था को देखकर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि सभी दस्तावेजों का रखरखाव ठीक कराया जाये तथा शासनादेश की व्यवस्था के अनुसार निष्प्रयोज्य रिकार्ड एवं वस्तुओं को तत्काल नियमानुसार वीड आउट कराया जाये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी रिकार्डो को व्यवस्थित करते हुये 03 दिन के भीतर आख्या उपलब्ध करायी जाये। साथ ही उन्होंने पुरानी अलमारियों की पेन्टिंग एवं साफ–सफाई कराने का कार्य एवं रिकार्ड को खराब होने से बचाने के लिये आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। पुराने रिकार्ड में फिनायल की गोलियां डलवाये जाने हेतु भी निर्देशित किया। कार्यालय की सफाई सुनिश्चित करने के विशेष निर्देश दिये। आधार सीडिंग के डाटा कलेक्शन एवं ड्रेस की राशि वितरण में लापरवाही पर सामुदायिक सहभागिता के जिला समन्वयक निशांत सिंह का स्पष्टीकरण तलब करने हेतु निर्देशित किया। अलमारियों पर रखी फाईलों पर अत्याधिक धूल जमा होने पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुदंर लाल को कड़ी फटकार लगाते हुये कार्य में सुधार करने हेतु सख्त निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जिला समन्वयक से आख्या तलब की साथ ही वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय के निरीक्षण के दौरान विभिन्न पटलों के साथ रिकार्ड रूम का भी निरीक्षण किया।उन्होंने सीढ़ियों पर गंदगी देखकर कड़ी नाराजगी व्यक्त की एवं चेतावनी देते हुये कहा कि सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखी जाये एवं सभी कर्मचारी एवं अधिकारी समय से कार्यालय में उपस्थित हो। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करें, नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण करें तथा अनुपस्थित पाये जाने वाले शिक्षकों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाये।

# टीम 50 की मासिक बैठक सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। टीम50 की पूर्व निर्धारित बैठक रविवार सायं दंडईत बाबा मंदिर परिसर में संम्पन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता कर रहे सुनील त्रिपाठी ष्आदिवासीश् ने संगठन के विस्तारीकरण पर विचार रखते हुए



निर्देशित किया कि संगठन शीघ्र ही संगठन का विस्तार करेगी और अधिक से अधिक लोगों को संस्था के विचारों से जोड़ने का प्रयास करेगी।वही बतौर संरक्षक अधिवक्ता राम अनुज धर द्विवेदी ने कहा कि आने वाले माह में नगर निगम चुनाव व छात्र संघ के चिनाव है जिनमें टीम50 अच्छे प्रत्याशियों के चयन कर प्रतिभाग करे। बैठक में प्रतिभाग कर रहे टीम50 के सनातनी दीपक पण्डित व अश्वनी सिंह ने संगठन को डिजिटल प्लेटफार्म के जरिये आम जनमानस से सीधे जुड़ने का प्रस्ताव रखा जिसमें सर्वसम्मति से तय हुआ कि टीम50 जल्द ही डिजिटल प्लेटफार्म के जरिये गांव गांव के प्रत्येक ब्यक्ति से जुड़कर सामाजिक मुद्दों पर संघर्ष करेगी व अधिक से अधिक लोगों से जुड़कर उनके हक के लिए कार्य करेगी। बैठक में नीतीश कुमार चतुर्वेदी,प्रेम प्रकाश राय,विपुल पांडेय,पण्डित करुणा शंकर तिवारी,डम्पू मिश्रा,मुकेश चतुर्वेदी आदि लोग उपस्थित रहे।

# गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार चोरी के सामान बरामद

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र क्षेत्र में हुई चोरियोंध छिनैती का खुलासा करने हेतु चलाये जा रहे अभियान के



क्रम मे पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) के निकट पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व मे दिनांक 18.09.2022 समय लगभग 16.00 बजे शायंकाल थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस टीम द्वारा कमोजी तिराहे के पास से 02 नफर अभियुक्तगण 1. आनंद उर्फ बाबू पुत्र गनेश प्रसाद, निवासी खटौली, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 22 वर्ष, 2. सुनील कुमार पुत्र लक्षनधारी, निवासी परासीदूबे, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 21 वर्ष को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरीधछिनैती के 02 अदद मोबाईल, 15000 रूपये नगद, एक अदद स्टील का टिफिन, एक अदद पीली धातु का लॉकेट, एक अदद अंगूठी सफेद धातु, 02 अदद बिछिया सफेद धातु, एक अदद मोटरसाइकल न्च64ौ0241 बरामद किया गया। उपरोक्त बारामद सामान 1.मु0अ0सं0–628ध2022 धारा 356, 379 भा0द0वि0, 2.मु0अ0सं0–709ध2022 धारा 356, 379 भा0द0वि0, 3. मु0अ0सं0–711ध2022 धारा 379, 356 भा0द0वि0, थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र से सम्बन्धित है। गिरफ्तारीध्बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 411 भा0द0वि0 की बढ़ोत्तरी करते हुए अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# चेहल्लुम त्यौहार पर किया हैरतअंगेज प्रदर्शन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। घोरावल नगर पंचायत में सोमवार को मुसलमान



भाइयों द्वारा चेहल्लुम त्योहार हुसैनी अखाड़ा द्वारा धूम धाम से मनाया गया। जिसमे दूर दूर से लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को मुख्खा मोड़ तिराहे के पास लक्कड़ भाला द्वारा जोरदार प्रदर्शन दिखाया गया। वही कार्यक्रम में दूर दराज से चल के आए टीम में जसोहर, भावा ,और घोरावल की टीम ने अपना प्रदर्शन दिखाया। वही उपस्थित लोगो में नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार बबलू, सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष संजय यादव ,एडवोकेट इनामुल हक अंसारी जिला पंचायत सदस्य नीरज श्रीवास्तव ,मोहम्मद नईम,मुन्ना,शहाबुद्दीन,बरकत अली, मोव इब्राहीम, सूरज श्रीवास्तव ,मौलाना सादिक,मौलाना मेराज, मुमताज अली, मोव आशिफ, इमरान मंसूरी, समीर वारसी, के साथ नगर पंचायत के समाजसेवी राज कुमार गुप्ता मौजूद रहे। वही कार्यक्रम में प्रशासन को ओर से चौकी प्रभारी वंश नारायण राय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद वारिस द्वारा किया गया।

# ढुठेर गांव में किया गया श्रमदान

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। घोरावल ब्लॉक के ढुठेर गांव में सोमवार को होप वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा श्रमिक महिलाओं को कंबल, दरी, साड़ी,खाद्यान्न



वितरित किये गए। इसके साथ ही इनके परिवार के लिए प्रमुख व आवश्यक सामग्रियों से भरे किट भी बांटे गए। वहीं ट्रस्ट के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा श्रमदान कर मानव जीवन में श्रम का महत्व बताया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बड़हर रियासत के राजा आभूषण ब्रह्मशाह ने समाज में जरूरतमंद लोगों को इस तरह के सहयोग कार्यक्रम की प्रशंसा की। राजकुमारी दीक्षा ने इस आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई।कार्यक्रम की अध्यक्षता राबर्ट्सगंज सदर ब्लॉकप्रमुख अजीत रावत ने की।


# बुद्ध का संदेश
**(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

**संस्थापक**
**स्व. के.सी. शर्मा**

**सम्पादक**
**राजेश कुमार शर्मा**

9415163471, 9453824459

दैनिक बुद्ध का संदेश

9795951917,9415163471

@budhakasandesh

budhakasandeshnews@gmail.com

www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।


## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |

**राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश**

| | |
|---|---|
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

# सोनभद्र के युवा साहित्यकार श्याम बिहारी ‘मधुर’ को मिला ’हिन्दी गौरव सम्मान




दैनिक बुद्ध का संदेश

गुरमा/सोनभद्र। बुलंदी साहित्यिक सेवा समिति (अंतर्राष्ट्रीय) द्वारा राष्ट्र वाणी हिन्दी में काव्य सृजन एवं हिन्दी भाषा के प्रचार प्रसार के विशिष्ट अवदान हेतु हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत बुलंदी संस्था के संस्थापक बादल बाजपुरी व संरक्षक पंकज शर्मा द्वारा सोनभद्र के युवा साहित्यकार श्याम बिहारी ‘मधुर’ को ’हिन्दी गौरव सम्मान’ से सम्मानित किया गया। इस सम्मान के लिए श्याम बिहारी ‘मधुर’ ने संस्था का विशेष आभार प्रकट करते हुए कहा कि हिन्दी भाषा पर हमें गर्व है, एक दिन विश्व के हर कोनेदृकोने में हिन्दी भाषा दैदीप्यमान होगी। बताते चलें कि पिछले वर्ष बुलंदी संस्था ने हिन्दी भाषा के प्रचार प्रसार हेतु 207 घंटे का अनवरत वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित करवाया थी, जिसे इंडिया वर्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया था। संस्था द्वारा इस वर्ष भी 21 अगस्त 2022 से 5 सितम्बर 2022 तक 370 घंटे का अनवरत अंतर्राष्ट्रीय वर्चुअल कवि सम्मेलन आयोजित करवाया गया, जिसमें दुनिया भर के 45 देशों के हिन्दी भाषी कवि व कवयित्रियों ने अपनी सहभागिता प्रदान किया, जिसे विश्व रिकॉर्ड के रूप में इंडिया वर्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा। बुलंदी संस्था उत्तराखंड राज्य के बाजपुर से संचालित होती है जो कि साहित्य जगत के वैश्विक स्तर पर साहित्यिक संस्थाओं में से एक है।

# बालों की सुरक्षा के लिए अब घर में तैयार करें हेयर सनस्क्रीन, जानिए 5 आसान तरीके



लंबे समय तक धूप में रहने से बालों को काफी नुकसान पहुंचता है। इससे बालों का झडना, रूखापन और बेजान होने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, हेयर सनस्क्रीन आपके बालों को हानिकारक यूवी किरणों के बुरे प्रभावों से बचाने के साथ–साथ इन्हें हाइड्रेशन और पोषण देने में काफी मदद कर सकती हैं। आइये आज हम आपको घर पर ही पांच तरह की हेयर सनस्क्रीन बनाने के बहुत ही आसान तरीके बताते हैं।

अंगूर के तेल और गुलाब जल से तैयार करें हेयर सनस्क्रीन

सामग्रीरू शुद्ध अंगूर के एसेंशियल ऑयल की 10–20 बूंदें और 200 मिली गुलाब जल। हेयर सनस्क्रीन बनाने और लगाने का तरीकारू सबसे पहले एक स्प्रे बोतल में दोनों सामग्रियां डालकर अच्छी तरह मिलाएं और उसके बाद किसी बोतल या स्प्रे बोतल में स्टोर करकें रख लें। अब जब कभी घर से बाहर जाना हो तो 20 मिनट पहले तैयार सनस्क्रीन को अपने बालों पर छिड़कें। आप इसे लंबे समय तक फ्रिज में भी स्टोर कर सकते हैं।

व्हाइट टी और लैवेंडर हेयर सनस्क्रीन

सामग्रीरू दो सफेद टी बैग्स और लैवेंडर के तेल की 5 बूंदें। हेयर सनस्क्रीन को बनाने और लगाने का तरीकारू सबसे पहले सफेद टी बैग्स से चाय बनाएं और फिर इसे ठंडा करें। इसके बाद एक स्प्रे बोतल में ठंडी व्हाइट टी के साथ लैवेंडर के तेल की बूंदें मिलाएं और जब इसका इस्तेमाल करने वाले हो तो बोतल को अच्छे से हिलाएं। आप इस हेयर सनस्क्रीन का इस्तेमाल रोजाना भी कर सकते हैं।

एलोवेरा और शहद से तैयार करें हेयर सनस्क्रीन

सामग्रीरू एक बड़ी चम्मच एलोवेरा, एक चम्मच समुद्री नमक, एक चम्मच नारियल का तेल, एक बड़ी चम्मच शहद और 200 मिली पानी। हेयर सनस्क्रीन बनाने और लगाने का तरीकारू सबसे पहले एक कटोरी में सभी सामग्रियों को डालकर अच्छे से मिलाएं और फिर इस मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में डालें। ध्यान रखें कि अगर मिश्रण ज्यादा गाढ़ा है तो इसमें थोड़ा और पानी मिला लें। सनस्क्रीन को बालों पर लगाने से पहले अच्छे से हिलाना आवश्यक है।

रसभरी बीज के तेल और एवोकाडो तेल से बनाएं हेयर सनस्क्रीन

सामग्रीरू दो बड़ी चम्मच रसभरी बीज का तेल, दो बड़ी चम्मच एवोकाडो का तेल और एक रोजमेरी टी बैग। हेयर सनस्क्रीन बनाने और लगाने का तरीकारू सबसे पहले रोजमेरी टी बैग से चाय बनाएं और इसके ठंडा होने तक इंतजार करें। अब ठंडी रोजमेरी टी को एक स्प्रे बोतल में अन्य सभी सामग्रियों के साथ अच्छी तरह मिलाएं और फिर नियमित रूप से बालों पर इस हेयर सनस्क्रीन स्प्रे का इस्तेमाल करें।

नारियल के तेल, एवोकाडो तेल और एलोवेरा जेल की हेयर सनस्क्रीन

सामग्रीरू दो बड़ी चम्मच नारियल का तेल, एक बड़ी चम्मच एवोकाडो तेल, एक बड़ी चम्मच बादाम का तेल, तीन चम्मच एलोवेरा जेल और 40 मिली पानी। हेयर सनस्क्रीन बनाने और लगाने का तरीकारू सबसे पहले एक कटोरी में सभी सामग्रियों को डालकर अच्छे से मिला लें। अब इस मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में डालें और बालों पर सनस्क्रीन लगाने से पहले इसकी बोतल को अच्छे से हिलाएं। यह बालों की चमक बरकरार रखने में मददगार है।

## मैं चाहती हूं की थोर इस कौर पे भी थोड़ा ध्यान दे: शहनाज गिल

अभिनेत्री और बिग बॉस 13 की पूर्व सनसनी शहनाज गिल चाहती हैं कि नॉर्स देवता थोर उन पर थोड़ा ध्यान दें। अपने



वर्कआउट को आगे बढ़ाते हुए, गिल, एक वीडियो में, नताली पोर्टमैन की तरह दिखने के लिए कसरत के नियमों की नई शैलियों की कोशिश करते हुए दिखाई दे रही है, जो फिल्म थॉररू लव एंड थंडर में थोर की प्रेम रुचि जेन फोस्टर की भूमिका निभाती है। गिल ने कहा, मैं चाहती हूं की थोर इस कौर पे भी थोड़ा ध्यान दे! तो मैं भी नताली पोर्टमैन जैसे कोई वर्कआउट–शर्कआउट कर ही लेती हूं (मैं चाहती हूं कि थोर इस कौर पर थोड़ा ध्यान दें। इसलिए, मैं नताली पोर्टमैन की तरह काम करना शुरू कर दूंगी)। यह स्वीकार करते हुए कि फिल्म रोमांस, कॉमेडी और एक्शन के साथ एक चौतरफा मनोरंजन है, शहनाज ने कहा, थोर सुपरहीरो ही नहीं, वो थंडर का भगवान भी है! बाय गॉड! शहनाज ने यह भी कहा कि थोर उनसे ज्यादा मजेदार है। गिल ने कहा, और उसकी कॉमेडी उफ्फ! मेरे से भी ज्यादा मजेदार है बंदा। हसा हसा के ने उन्होंने पेट दुखा दिया है। यह फिल्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 8 सितंबर को रिलीज हुई थी। इसे तायका वेट्टी द्वारा निर्देशित किया गया है, जिसकी पटकथा वेट्टी और जेनिफर कायटिन रॉबिन्सन ने बनाई है।




## नव्या नवेली नंदा के पॉडकास्ट में दिखेंगी श्वेता बच्चन और जया बच्चन, ट्रेलर जारी



अमिताभ बच्चन की नातिन नव्या नवेली नंदा सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय हैं। उनके फिल्मों में आने की चर्चा अक्सर चलती रहती है। इस महीने ही नव्या के पॉडकास्ट व्हाट द हेल नव्या की घोषणा हुई थी। अब इसका ट्रेलर दर्शकों के बीच आ चुका है। खास बात यह है कि नव्या के पॉडकास्ट में उनकी मां श्वेता बच्चन और नानी जया बच्चन भी नजर आएंगी। बच्चन परिवार की तीन पीढियों को इस पॉडकास्ट में एक साथ देखा जाएगा।

नव्या ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर पॉडकास्ट का ट्रेलर शेयर किया है। जारी हुए ट्रेलर में नव्या ने बताया कि उनके पॉडकास्ट के पहले मेहमान कोई और नहीं, बल्कि उनकी मां श्वेता और नानी जया होंगी। पॉडकास्ट का पहला एपिसोड 24 सितंबर को प्रसारित किया जाएगा। नव्या ने ट्रेलर शेयर करते हुए अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 3 महिलाएं, 3 पीढियां, 3 धारणाएं। व्हाट द हेल नव्या। ट्रेलर में एक जगह जया कहती हैं, मेरे छोटे–छोटे सीक्रेट्स हैं। इन दिनों प्यार की परिभाषा बदल गई है। मैं इन सबके लिए काफी बूढ़ी हो गई हूं। इसमें श्वेता अपना परिचय नव्या की मां के रूप में देती हैं। जया भी खुद को नव्या की नानी बताती हुई दिखीं। इसमें कहा गया है कि बच्चन परिवार की तीन पीढियां ऐसी कहानियां शेयर करने के लिए साथ आई हैं, जो लोगों ने पहले कभी नहीं सुनी होंगी। सोशल मीडिया पर ट्रेलर को काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। लोग नव्या के काम के लिए उनकी सराहना कर रहे हैं। दिग्गज फिल्ममेकर करण जौहर ने नव्या के ट्रेलर की तारीफ की है। उन्होंने जया के लिए लिखा, आंटी जी सबसे अच्छी हैं। यह पॉडकास्ट 24 सितंबर से हर शनिवार को आईवीएम पॉडकास्ट और अन्य ऑडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होगा। इसे आईवीएम पॉडकास्ट ने प्रोड्यूस किया है। 25 वर्षीया नव्या अपने पापा का बिजनेस संभाल रही हैं। उन्होंने इस पर कहा था, मैं अपने परिवार की चौथी पीढ़ी की पहली लड़की हूं, जिन्होंने बिजनेस शुरू किया है। मेरे दादा की विरासत को आगे बढ़ाना मेरे लिए गर्व की बात है। जया के वर्कफ्रंट की बात करें तो फिल्मों में उनकी सक्रियता कम हो गई है। वह काफी समय बाद रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के साथ बड़े पर्दे पर वापसी करेंगी। इस फिल्म का निर्देशन करण जौहर कर रहे हैं। इसमें धर्मेंद्र, शबाना आजमी, आलिया भट्ट और रणवीर सिंह मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। नव्या के भाई अगस्त्य भी जोया अख्तर की द आर्चीज के साथ अपना डेब्यू करने के लिए तैयार हैं।

## आयुष्मान खुराना कहते हैं हुमा कुरैशी को चुम्मा कुरैशी

बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना ने हुमा कुरैशी को दिलचस्प उपनाम दिया है और उन्हें चुम्मा कुरैशी कहा है। कपिल शर्मा के साथ बातचीत के दौरान, आयुष्मान ने हुमा कुरैसी को चिढ़ाया कि



कई लोग उन्हें चुम्मा कुरैशी कहते हैं और उनसे पूछा कि उन्हें यह नाम कैसे मिला, तो गैंग्स ऑफ वासेपुर की अभिनेत्री ने इसके पीछे की पूरी कहानी बताई।

उन्होंने आयुष्मान के साथ अपनी दोस्ती के बारे में भी बताया और कैसे मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने यह नाम उन्हें दिया। आयुष्मान और मैंने एक साथ एक संगीत वीडियो किया और तब से हम वास्तव में अच्छे दोस्त बन गए।

इसलिए उस दौरान, मैं उन्हें आयुष–मैन कहती था जो सुपर–मैन की तरह लगता है। और एक मीडिया बातचीत में, उन्होंने मजाक में मुझे चुम्मा कुरैशी कहा, जो अब भी मुझे परेशान करती है। हुमा द कपिल शर्मा शो में महारानी सीजन 2 के कलाकारों के साथ विशेष अतिथि के रूप में आ रही हैं, जिसमें सोहम शाह, अमित सियाल, प्रमोद पाठक, दिब्येंदु भट्टाचार्य और अनुजा साठे हैं। द कपिल शर्मा शो सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।

## स्वास्थ्य के लिए बहुत गुणकारी है थाइम, ये हैं इसके फायदे




एक अनोखी सुगंध से युक्त थाइम एक हर्ब है, जिसका इस्तेमाल तरह–तरह के व्यंजनों के साथ एक औषध ी के रूप में किया जा सकता है। इसकी खासियत है कि यह बायोएक्टिव प्लांट कंपाउंड्स और एंटी–ऑक्सीडेंट से भरपूर होता है, इसलिए यह स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। हो सकता है कि कई लोगों को इसके बारे में न पता हो, इसलिए आज हम इस लेख में बताने जा रहे हैं कि थाइम के इस्तेमाल से क्या–क्या फायदे मिल सकते हैं। एक शोध के अनुसार, थाइम मुंहासों से राहत दिला सकता है। दरअसल, इसमें एंटी–बैक्टीरियल, एंटी–सेप्टिक, एंटी–इंफ्लेमेटरी और एंटी–ऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो मुंहासे पैदा करने वाले बैक्टीरिया से लडने में मदद कर सकते हैं। वहीं, इसमें खास फैटी एसिड भी मौजूद होते हैं, जो मुंहासों के प्रभाव को कम करने में मदद कर सकते हैं। समस्या से राहत पाने के लिए थाइम युक्त स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें।

सर्दी और खांसी का इलाज करने में है सक्षमः एंटी–बायोटिक और एंटी–सेप्टिक गुणों से भरपूर थाइम सर्दी और खांसी के लिए एक बेहतरीन प्राकृतिक उपचार है। यही नहीं, इसमें एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण भी मौजूद होते हैं, जो गले की खराश और ब्रोंकाइटिस के इलाज में मदद करता है। 2006 के एक अध्ययन के अनुसार, थाइम के फूल और आइवी की पत्तियों का मिश्रण खांसी और ब्रोंकाइटिस के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकता है।

बालों के विकास को बढ़ावा में है मददगार

थाइम स्कैल्प के ब्लड सर्कुलेशन में सुधार करने में मदद करता है, जिससे बालों के विकास को बढ़ावा मिलता है। एंटी–इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर थाइम बालों के झडने और बालों को कमजोरी होने से भी बचाते हैं। इसके अतिरिक्त, इससे रूसी और खुजली जैसी समस्याएं भी खत्म होती हैं। अगर आप बालों संबंधित समस्याओं से राहत चाहते हैं तो थाइम के तेल और लैवेंडर ऑयल को मिलाकर सिर पर लगाकर हल्के हाथों से मालिश करें।

हड्डियों को स्वस्थ रखने में है कारगर

विटामिन–के, आयरन, मैंगनीज और कैल्शियम से भरपूर थाइम हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियों से बचाने में कारगर है। थाइम में मौजूद गुण हड्डी के फ्रैक्चर के जोखिम को भी कम करते हैं। एक अध्ययन के अनुसार, जिन महिलाओं ने रोजाना 1,000 मिलीग्राम थाइम का सेवन किया, उन्होंने कैल्शियम या विटामिन–डी3 सप्लीमेंट की तुलना में बेहतर बोन मिनरल डेंसिटी का अनुभव किया। हाई ब्लड प्रेशर को कम करने में है सहायकः थाइम हृदय गति को नियंत्रित करने और हाई ब्लड प्रेशर के स्तर को कम करने में भी प्रभावी है। यह सूजन से भी बचाता है और शरीर के ब्लड सर्कुलेशन में सुधार करता है, जिससे हृदय रोगों का खतरा कम होता है। 2014 के एक अध्ययन के अनुसार, थाइम का अर्क हाई ब्लड प्रेशर वाले चूहों में हृदय गति को कम करने में सक्षम रहा। स्वस्थ हृदय के लिए आप रोजाना थाइम की चाय का सेवन करें।